"ٹرمس آف ریفرنس طے ہوا ہے" تو انھوں نے اسٹڈی گروپ بنایا ہے۔ کس لئے بنایا ہے۔ آندھرا پردیش کے لئے بنائے ہیں، یہ آپ کا نجی معاملہ ہے کو لیشن کے پارٹنر کا معاملہ ہے۔ راشٹرپتی درشٹی کون سے پورے دیش میں جو حالت ہے، آپ خود کہہ رہے ہیں، اگر اس دی بار ڈور۔ آندھرا میں ہے، مہاراشٹر میں زیادہ ہوا ہے۔ پھر اسکے بعد پنجاب، ہریانہ اور دوسرے راجیوں میں بھی یہی ہوا ہے۔ یہی استھتی اگر چلی تو اسکے ساتھ کئی اور راجیہ بھی جڑ سکتے ہیں، آج کپاس کا کسان اور اور دوسری جو کیشن کراپ ہیں اسکے بھی کسان اس آنکڑے میں آجائینگے

کوئی کمرشیل بینک وہ ایک پرسینٹ گریڈیٹ ڈفرینشیل ریٹ آف انٹرسٹ غریبوں کو دینے کے لئے تیار نہیں ہے۔ وزیر خزانہ یہاں موجود نہیں ہیں، اگر وہ رہتے تو زیادہ اچھا ہوتا کیونکہ یہ صرف ایگریکلچر کا معاملہ نہیں ہے۔ یہ فائنینس منسٹری سے بھی متعلق ہے۔ کوایک بھی بینک ڈی۔آر۔آئی۔اسکیم کا جو کوٹہ ہے پورا نہیں کرتا، کیوں نہیں کرتا ان سے آپ پوچھئے، وہ بولیں گے کہ کوئی اپلیکنٹ ہی نہیں ملتا، کوئی چاہتا ہی نہیں ہے۔ یہ فیصدی انٹرسٹ میں یہ انکا جواب ہوتا ہے کہ یہ فیصد انٹرسٹ میں ڈفرینشیل ریٹ آف انٹرسٹ میں لون لینے کے لئے اتساہی نہیں ہے۔ جب آتم ہتیا ہو گئی، یہ آباد ہو گئی تو اسے ٹھیک کرنے کیلئے، چنوتی کے آدھار پر نابارڈ اور آر۔بی۔آئی۔ نے فیصلہ لیا ہے کہ یہ فیصد انٹرسٹ میں ہم لون دینگے۔ کس کے ساتھ یہ مذاق کر رہے ہیں آپ؟ جو اسکیم لاگو ہے، آل ریڈی اسکیم ہے "نتھنگ نیو"۔ ہمارے پورے سوال کا خلاصہ یہ ہے کہ جب آتم ہتیا ہو رہی ہے تو اسکے لئے سرکار کیا کر رہی ہے، اسکی وجہ کیا ہے اور اسکے بعد اسکو سدھارنے کیا کوشش کر

ہیں، جو آتم ہتیا کرنے والوں کے بچے ہیں، ان لوگوں کو کم سے کم آپ یہ میسیج دیں کہ "یو آر سیریس اینڈ یو مین بزنس" اتنا تو ہو سکتا تھا۔ جس نے آتم ہتیا کر لی اسے آپ لوٹا نہیں دینگے، لیکن ان تمام اسکیموں کے بارے میں کہا کہ جب ہو جائے گا تو پھر ہم ریلیف دیں گے۔ تو وہ ریلیف کہیں نہیں پہنچائے گا۔ تو سیڈ کے بارے میں یہ کہا ہے کہ پچھلے ۱۰ سال سے میں اس دیش میں لبرلائزیشن کے نام پر، اوداری کرن کے نام پر، آرتھک نیتی کے نام پر ہم نے پیرون شفٹ کیا ہے، جو ایگریکلچر کا ہمارا پیرون ہے وہ شفٹ کیا ہے، اس سے ایسا ہوتا تھا کہ جو ہماری کریڈیشنل کراپس تھیں تو کراپس فیلیور ہوتا تھا۔ لیکن کراپس فیلیور ہونے کے بعد بھی کسان کے پاس نئے سیزن میں نئے تو ہیم شروع کرنے کے لئے وہ کوشش کرتے تھے، لیکن جب کنیشن کراپ پیٹرن چینج ہو گیا اور جب ڈیپنڈ ایبل ایریگیشن سسٹم نہیں ہے، جب اسکے پاس کیپیٹل نہیں ہے جب انسٹی ٹیوشنل کریڈٹ سسٹم گاؤں میں نہیں ہے، تو اس وقت گورنمنٹ تو یہ کہہ رہی تھی کہ وڈرا کر کے کر شی سے، گورنمنٹ کی ذمہ داری ہے۔ ہم دس سال سے ملٹی نیشنل کمپنیز اور شامل ہو جائینگے۔ تو آپ نے یہ اچانک اسٹڈی گروپ آنند ورما کا کیوں لیا۔ لکھتے ہیں کہ ہم نے یہ بھی کیا ہے، اسٹڈی گروپ کا ٹرمس آف ریفرنس ہے کہ وہ کیا کیا دیکھیں گے، ضرورت اس بات کی ہے کہ آپ ایکشن لیں۔

اسی طرح سے پیرا نمبر ۸ میں آپ آئے۔]

"It is the responsibility of the respective State Govts. to make available certified/ quality seed to the farmers in time."

[دس سال سے، پندرہ سال سے جتنے اسیسمنٹ آتے ہیں اسی طرح سے آتے ہیں کہ اپنی جو ذمہ داری ہے وہ دوسرے کے ہاتھ میں کس طرح سے ہم سونپ دیتے ہیں، ممبئی کہے گا کہ دلّی دیکھو، دلّی کہے گا کہ ممبئی دیکھو۔ اگر کسان آتم ہتیا نہ کریں تو کہاں جائیں؟ کوئی تو ذمہ داری لینی ہوگی، کہیں تو یہ کہیں گے کہ کہاں غلطی ہوئی ہے اسکو ڈھونڈ کر نکالیں۔ اتنے دن کے انتظار کے بعد بھی کالنگ اٹینشن کے بعد بھی آج اسمبلی سے ہمیں یہ نہیں لگتا کہ یہ سرکار سنجیدہ ہے۔ میں یہ نہیں کہتا کہ کوئی میجک ہے یہ راتوں رات ختم کر دینگے۔ پرانے زمانے سے یہ معاملہ اتنا بگڑا ہوا ہے، کم سے کم یہ تو آپ دکھائیں کہ جو متاثرہ فیملیز

] Transliteration in Arabic script.

ں ہے تو پھر کسان اس بفر میں پھنس
ے ہیں ان کے پاس تو پیسہ بھی نہیں ہے۔
نک لون دیتے ہیں کریڈٹ سسٹم سے،
ں کو دے رہے ہیں؟ بھاشنوں میں
یہاں پر پرشن کیا اور جواب آ جائیگا کہ
یگر یکلچر پرائرٹی سیکٹر میں بینک لون
ا جو 15 پرسینٹ ہے، وہ کسانوں کو
ملیگا۔ یہ تو سرکاری آنکڑا ہے۔ ابھی
ترودا جی بول رہے تھے کہ فائننس
سٹری کا معاملہ ہے لیکن کوئی بینک
15 پرسینٹ کو پوچھتا نہیں ہے۔ جب
نہیں پوچھتا ہے تو وہ نابارڈ کے ذریعہ
رول انفراسٹرکچر ڈیولپمنٹ فنڈ میں
ل جاتا ہے۔ جو کسانوں کو روپیہ ملنا
ہیے، وہ نہیں مل رہا ہے اور کسانوں
دے بھی رہے ہیں آپ تو آپنے یہ کہا
ہ ایگریکلچر اینڈ ایلائیڈ، آپ سمجھیں گے
رہے آپ تو، ہمدردی ہے کسانوں
ے۔ ہمارا جو انوجھتو ہے گاؤں میں زمینی
نوجھتو ہے۔ وہاں پر کیا ہوتا ہے؟ الائیڈ
ہہ کر دیکھا جاتا ہے کہ وہ فرٹیلائزر ڈیلرس
ہ سیڈس ڈیلر جو اسپوریس، جو نقل
ور خراب اسٹینڈرڈ سیڈس اور
رٹیلائزرس دے دیتے ہیں، پیسٹی
سائڈز دے دیتے ہیں بینک سے لون
انکو ملتا ہے۔ میں چیلنج کرتا ہوں میرا
دیش کمپنیز نئے نئے ہائبرڈ کے
ایڈورٹائزر کے ذریعے وہ سیڈ بیچیں گے،
ہماری جو استھتی ہے وہ استھتی اور
بھی بگڑی ہے۔ یہاں ایسیٹ گورنمنٹ
اگریکلچر انشورینس کرتی ہے کہ کتنی ضرورت
ہے کس طریقہ کی۔

میں یہ کہہ رہا تھا کہ سیڈز کے بارے
میں آپ شروع سے دیکھیں، اس کے لئے
ایک تو اریگیشن چاہیئے، پانی چاہیئے اور
بجلی چاہیئے۔ سرکار اس کو ودڈرا کر رہی ہے۔
جس کے پاس ہے وہ پمپ لگا لے، جس
کے پاس ہے وہ روپیہ جمع کر دے۔ اس
دیش میں کسان آتم ہتیا نہیں کرتے پہلے
کسانوں نے کہا کہ ہمیں بجلی چاہیئے، ان کو
گولی کھانی پڑی۔ انہوں نے کہا کہ پانی چاہیئے،
ان کو گولی کھانی پڑی، انہوں نے کہا کہ ہمیں
سیڈز چاہئیں، پیسٹی سائڈز چاہیئے اور یہ
سب چیزیں صحیح قیمت پر چاہیئے، بہت
زیادہ منافع خوری ہو رہی ہے، کوئی سننے
والا نہیں ہے۔ ان کو زیادہ قیمت پر خریدنا
پڑ رہا ہے۔ گورنمنٹ اگر ودڈرا کر رہی ہے
کرن کے نام پر، اگر کمپنیز آئیں گی اور وہ صرف
وگیاپنوں کے ذریعہ، لالچ کے ذریعہ یہ
دکھائیں گی کہ اس سے اتنی لاگت میں
اتنا فائدہ ہے تو یہ جو پیٹرن چینج ہو
رہا ہے، اس میں اگر سرکار کی کوئی ذمہ داری

سے آتم ہتیائی اس کا پہلا کارن جو انسٹی ٹیوشنلائزڈ رورل کریڈٹ ڈیوری سسٹم ہے اس کا فیلیور ہے جس نے ان کو کوئی نہیں دیا تو وہ مہاجن کے پاس چلے گئے، ڈیلر کے پاس چلے گئے اور اس کے بعد ایک کے بعد ایک انھوں نے اسپوریس پوسیشسارڈ استعمال کیے۔

دوسرا سوال یہ ہے کہ جو سینڈ اور پیسٹیسائڈ کے ڈیلرس سے ان میں سے کتنے لوگ جو افیلیئیٹو ایریاز میں ہیں ان میں سے کتنوں نے بینک سے انسٹی ٹیوشنلائزڈ کریڈٹ سسٹم سے لون لیا؟ فرٹیلائزر بھی تو آپ دے رہے ہیں، سیڈ بھی تو آپ دے رہے ہیں ڈیلرنیٹ ورک بنانے کے لیے، ڈسٹریبیوشن سسٹم کو بڑھانے کے لیے تو ہمارا دوسرا سوال یہ ہے کہ جو ڈیلرس ہیں، ان میں سے کتنے لوگ ہیں، جنھوں نے انسٹی ٹیوشنلائزڈ جو کریڈٹ سسٹم ہے، اس سے لون لیا تھا؟

تیسرا سوال یہ ہے کہ جو مارکیٹنگ ہے، یہ جو کاٹن کارپوریشن بنایا، بیکار ہے کسان آج بھی مہاجن کے پاس ہے چاہے وہ کوئی بھی کراپ ہو اس میں جب لو ئیسٹ مارکیٹ پرائز ہوتا ہے اس وقت کسان کو مجبور ہونا پڑتا ہے

پہلا سوال یہ ہے ہمارے فائنانس منسٹر سے کہ جتنے لوگ مارے گئے آپ کا آنکڑا ہمارا آنکڑا، اخبار کا آنکڑا صحیح نہیں ہے پھر بھی میں مان لیتا ہوں آپ کا جو آنکڑا ہے، اسسٹیٹ گورنمنٹ کا دیا ہوا آنکڑا ہے، اس میں آپ یہ بتائیں کہ اس میں کتنے لوگ انسٹی ٹیوشنلائزڈ کریڈٹ ڈیوری سسٹم سے لون لے کے مرے تھے؟ چاہے گرامین بینک ہو، چاہے پرائیویٹ ایگریکلچر تو آپریٹیو سوسائٹیز ہوں، چاہے وہ نیشلائزڈ بینک ہوں، یا تو آپریٹیو بینک ہوں، سوال یہ ہے کہ یہ لوگ کو دیش ہوئے تو ان کو جانا پڑے گا مناف خوروں کے پاس سود خوروں کے پاس، مہاجنوں کے پاس جو آندھرا کے کیس ہم نے اسٹڈی کیے ہیں ان میں پتہ چلا کہ انٹرسٹ ریٹ ان کو ۶۰ پرسینٹ دینا پڑتا ہے۔ اس دیش میں دقت یہ ہے کہ جتنے غریب ہیں ان کو اتنی زیادہ کڑی شرطوں پر، اتنی زیادہ انٹرسٹ ریٹ پر لون لینا پڑتا ہے اور جتنے امیر ہیں ان کے لیے اتنی آسان شرطوں پر اتنا آسان ارجنٹ ہے لون لینے کا۔ تو اس کو کون روکے گا؟ اس بارے میں تو کوئی چرچا نہیں ہے آپ کو فائنانس منسٹر سے اس بارے میں بات کرنی چاہیے تھی آپ کو جواب دینا پڑیگا کہ جن لوگوں

**श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया** (उत्तर प्रदेश): किसानों का कर्जे के नीचे दबकर आत्महत्या कर लेना—इसमें न वर्तमान सरकार का कोई दोष है और न दोष किसी एक का है। यह राष्ट्रीय समस्या है और इसमें सभी दोषी हैं, सभी दोषमुक्त होना चाहते हैं, किसान कर्जे के नीचे क्यों दबता है। जैसे-जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ रहा है और रासायनिक एवं महंगे बीज लेने पड़ रहे हैं, उससे किसान पर अधिक कर्ज चढ़ा है। मैं अभी देख रहा था, प्रोफेसर एस० एस० शेरगिल की एक

मैग्जीन है "पांच दरिया", उसमें उन्होंने पंजाब का जिक्र करते हुए लिखा है कि "पंजाब के किसानों के जिम्मे जो कमर्शियल बैंक हैं, नेशनलाइज्ड बैंक हैं, उनका कर्जा 1106 करोड़ रुपये है, कोऑपरेटिव सोसायटीज़ का कर्जा 1547 करोड़ रुपये है और जो महाजन हैं, जो कमीशन एजेंट हैं उनका कर्जा 2640 करोड़ रुपये है। यह बड़े दुख की बात है कि इस देश में सभी राजनैतिक दल और हम सभी लोग किसान को अनाज का दाता, अनाज देने वाला मानते हैं और अनाज दाता ही आत्महत्या करे, इसके लिए बहुत फिक्र की जरूरत है। मैं माननीय कृषि मंत्री जी के स्टेटमेंट को गंभीरता के साथ पढ़ रहा था। उसमें अन्य राज्यों का विवरण ज्यादा है। महाराष्ट्र में क्या हो रहा है, आन्ध्र प्रदेश में क्या हो रहा है, पंजाब से क्या रिपोर्टिंग है और भारत से क्या है, इस बात का ज्यादा जिक्र है। सर, मैं चार-पांच छोटी-छोटी बातें दो-तीन मिनट में कहकर समाप्त करूंगा। एक तो मैं यह कहना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार की ओर से ऋण में फंसे किसान—जिनमें से कुछ आत्महत्या कर गये और कुछ नीम आत्महत्या करने की स्थिति में हैं—उनके लिए कुछ ठोस कदम उठाने की झलक दिखाई नहीं देती जिसकी हमें माननीय मंत्री जी से बहुत उम्मीद थी। जो बात मैं कहना चाहता हूं, वह यह है कि एक तो जो बैंक के कर्जे किसानों के ऊपर हैं—शुरू में मैं अर्ज कर दूं, मेरी तज़वीज़ माननीय कृषि मंत्री जी से और सरकार के बड़े मंत्री श्री आडवाणी जी भी यहां तशरीफ रखे हुए हैं, उनसे मेरी अर्ज है कि पंजाब में ऐसी स्थिति 1920, 1930, 1935, 1938 और 1940 में हुई थी। तब जिस भी किसान को कर्जा देना होता था, महाजन उसकी जमीन अपने नाम रहन कर लेता था, मॉर्टगेज कर लेता था, एक-एक गांव में 90 प्रतिशत लोगों की जमीन रहन थी। हमारे बाप-दादा की जमीन भी रहन थी, लेकिन सर छोटू राम ने एक ही दिन कानून बना दिया कि जिस किसान की जमीन 20 साल से किसी साहूकार के पास—जो खुद खेती नहीं करता है... वह कमीशन एजेंट है या कोई और चीज है, वह खुद किसान नहीं है। अगर उसके पास रहन है तो सारी की सारी जमीन 20 साल के बाद उसकी हो जाएगी बगैर पेमेंट किए हुए। सोमपाल जी खुद जानते हैं कि इससे हजारों नहीं लाखों फैमलीज को रिलीफ मिलेगी, अगर अब हम कोई ऐसा सर छोटू राम जैसा कदम उठायेंगे तो। वरना हम कितने ही भाषण कर लें, जितने मर्जी पेपर लिख लें, ग्राउण्ड पर कर्जे के जंगल से किसान निकल नहीं सकेगा। मैंने इस आधार पर दो-तीन बातें आपके नोटिस में लानी हैं।

पहली बात यह है कि किसान ब्याज नहीं दे सकता है। मेरे ख्याल में किसान असल कर्जा वापस करने के लिए तैयार है परन्तु किसान कम्पाउण्ड किया गया ब्याज पर पड़ा ब्याज नहीं दे सकता है, वह अपनी दे जान देता है। ऐसी स्थिति में एक तो केन्द्र सरकार यह फैसला करे कि उसके जो बैंक हैं, उन्होंने जो कर्जे दिए हुए हैं उसमें न तो प्रिंसीपल और न ही इन्टरेस्ट दो साल के लिए कम से कम 1998, 1999 और 2000 तक रिकवरी है वह दो साल के लिए मुल्तवी कर दी जाए ताकि किसान को एक दफा राहत मिले। दो साल के बाद इन्टरेस्ट सारा छोड़ दिया जाए। जो मूलधन है, जो प्रिंसीपल अमाउन्ट है वह पांच साल में दस किश्तों में खरीफ और रबी की फसल के समय किश्तों में ले लिया जाये। तमाम बैंकों से जो कर्जे दिए जाते हैं उसको रि-शिड्यूल केन्द्र सरकार को करना चाहिए। एक तो मैंने अर्ज किया कि दो साल के लिए सारा पैसा लेना मुल्तवी कर दिया जाए जो केन्द्र सरकार का है। दूसरे जो शार्ट-टर्म लोन है उसको लांग टर्म में तब्दील कर दिया जाए ताकि किसान उसको दे सकें।

पंजाब में पिछले 14 महीने में पेस्टीसाइड्स की बिक्री हो रही है। इस बात को मैं मंत्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूं कि 20-20 एकड़ में जिन लोगों ने कॉटन बोया हुआ था उसमें छिड़का हुआ पेस्टीसाइड्स गलत निकला तो उससे किसानों को काफी नुकसान हुआ, 20-20 एकड़ में फसल जाया हो गई और आज तक एक भी केस ऐसा नहीं है कि नकली पेस्टीसाइड्स विक्रेता को पकड़ा गया हो। सरकार इस मामले में कोई दखल ही नहीं दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा कदम उठाया जाना चाहिए।

सर, मैं यह अर्ज करता हूं कि पेस्टीसाइड का छिड़काव करते समय किसान के बच्चे की या किसान की मृत्यु हो जाती है उसके लिए हमने कोई प्रावधान नहीं किया है और इस स्टेटमेंट में उसका भी जिक्र होना चाहिए था।

सर, एक जो मनी-लेण्डर्स के पैसे है, उस पैसे पर वह किसान से ब्याज ही 36 प्रतिशत सालाना और 40 प्रतिशत सालाना ले लेते हैं और फिर वह कम्पाउण्ड होकर बढ़ जाता है। उस पर भी आपको ध्यान देना चाहिए।

आखिर में, मैं एक दफा जोर से कहना चाहता हूं कि जितनी जल्दी ब्याज की रकम, इन्टरेस्ट की रकम किसान के सिर से खत्म नहीं की जाएगी तब तक किसान द्वारा की जाने वाली आत्महत्या बन्द नहीं होगी। कोई किसान इतना गिरा हुआ नहीं है कि वह कर्जे को वापस न करे।

किसान पंचायत में बैठता है और वह बहुत ही सेल्फ रेसपेक्टिड आदमी है। वह असल धन वापस करना चाहता है। वह तो गांव में कहता है कि मैंने आपका पैसा देना है भाई और मैं हाथ जोड़कर दूंगा, लेकिन मेरे ऊपर ब्याज ज्यादा मत डालिए। इसके लिए अगर आप आज कुछ भी स्टेप्स अनाउन्स कर दें तो किसानों को बहुत राहत मिलेगी। इन्हीं शब्दों के साथ बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise with a heavy heart to associate myself with the sentiments expressed by my hon. friends. But unfortunately, whenever a debate about the plight of the farming community takes place, politics is coming into our discussion and we are not able to come to a meaningful conclusion. I was carefully listening to the speech of my friend, Shri Gurudas Das Gupta, in the morning, forgetting that his own Government was there in office till the other day. He was making such a sweeping remark against the Minister and against the insensitivity of the Government. Sir, I do not want to go into that controvesy because the subject which is dearer to me, will get affected. But the wrong policies that have been pursued all these years, the wrong priorities that were pursued all these years were responsible for the present plight of the farming community. It is not an overnight development that the farmers of Andhra Pradesh have committed suicide. Even in 1987-88, one hundred farmers ahd committed suicide in Guntur, Krishna and Prakasam belt mostly cultivating the cotton crop. Subsequently, last year, and this year also, not only in Andhra Pradesh but also in the neighbouring States of Karnataka, Maharashtra, and to some extent, in Punjab, these things have taken place and they are spreading to other areas also. What is the reason? The farmer always believes in self-respect. He never wants to avail himself of any loan facility. You see anybody who is involved inthe shares scam or the banking scam or the companies which have become insolvent on record. None of them have committed suicide. Even the people who have been exposed in the Media, who have been talked about time and again—I do not want to bring those names—none of those fellows have ever made an attempt to commit suicide. I do not want them to commit suicide. I want them to be punished, to be put behind the bars. But the farmers in the rural areas, the poor fellows having two acres of land or three acres of land or five acres of land are losing hope because there is no way by which they can repay the loans which have been taken either from the banks or from the private money-lenders. I would like to refer to one report relating to the State of Maharashtra. Mr. Umesh Chandra, Secretary, Agriculture, Government of Maharashtra, has stated that the year 1997-98 has been the worse for the Maharashtra farmers. He further said that more than 50 per cent of the crops of the farmers have been affected, that is, in an area of 4,67,000 hectares of land, fifty per cent of the crops of the farmers have been affected. Same is the case with Karnataka. Coming to the neightbouring districts of Andhra Pradesh and Karnataka, that is, Gulbarga and Bidar, there also, fifty per cent of the crops of the farming community were lost whether it was cotton or whether it was any other commercial crop. Same is the case in Andhra Pradesh. It is also a fact and we have to admit it that monsoon also have some affect on the fortunes of the farmers whether it is flood, whether it is drought, whether it is cyclone, whether it is untimely rain or whether it is hail storm, all of them are having a terrible effect on the fate of the farming community. If you go by records, then you will find that the credit that was due for the farming community was around 18 per cent. What is the achievement? As per the record, it is not around 13 per cent. Who is responsible for this? I simply feel that there are very many senior Members in this House. In this country since independence, the Parliament, the Planning Commission,

the Media, the political parties, all are offering lip-service to the rural India. We are more concerned about the organised sector. We are more concerned about the people who have got resources and sources to raise their voice and reach Delhi. we have less concern about the people who are residing in the remote areas of this country. This is the main reason which has led to this situation. Otherwise, if you see the debates that are going on in both the Houses of Parliament, you will find that enough time is not given to these issues. I am not making any allegation against anybody. But as I told you, even in the Planning Commission, the people are saying that about 65 per cent of the credit for the agricultural community even today is coming from the private sources. Even the banks which were nationalised, which have got a social responsibility

and which are under the control of the Government of India, are not able to enforce even the directives given by the Reserve Bank of India. What is happening to them? Who is monitoring them? Why are you not pulling them up? Why are you not able to reach the target? Eighteen per cent is not a big target for a community which represents about 70 per cent of the population and you are just giving them a credit facility to the extent of 18 per cent. Even that eighteen per cent target is not achieved. We are not able to reach the target of eighteen per cent. That being the case, let the Parliament in its collective wisdom come together, let the political parties also come together.... Mr. Chaturanan Mishra was Minister for Agriculture the other day. Sir, in his regime also, these suicides had taken place in Andhra Pradesh. They are taking place today, and they will take place even tomorrow. The reasons are: the system is the same, the facilities are the same, the loans are the same, the harassment is the same and the failure of the monsoons is also the same. We are not taking any effective, protective measures. There is no remunerative price. There is a restriction on the movement of foodgrains. An Andhra farmer cannot take his cotton to maharashtra; a Maharashtra farmer cannot sell his cotton in Hyderabad which is just adjacent to Maharashtra where the prices are remunerative. An Andhra farmer cannot take his paddy to Tamil Nadu where there is a demand for paddy. This is the situation. In spite of the fact that the Government of India, under the able leadership of Vajpayeeji, earlier under the leadership of Deve Gowdaji, has declared that in India there is no restriction, the entire India is considered as one food zone, the States are putting restrictions on the movement of foodgrains.

Secondly, I want to make a point about spurious pesticides. Today, the biggest menace is spurious pesticides. You know that the pesticides have become costly and the manures have become very costly. The successive Governments have been reducing the subsidy on fertilisers. That being the case, on the one hand, there is a reduction in subsidy on fertilisers, but on the other, there is an increased supply of spurious pesticides, and also of spuirious seeds. These seeds are not germinating, resulting in a huge loss to the farming community. Let there be a serious application of mind by both the Central Government and the State Governments. I request the Minister to take initiative to call a meeting of the States which are affected by this menace. What are we doing now? What are the States doing? Condoling the death and paying compensation to the remaining members of those families! That seems to be our policy. Giving one lakh rupees or giving a job under the JRY or giving a house under the Indira Awas Yojana or sending the children to school—I am not finding fault with those types of measures. But what about the preventive measures, to prevent such suicides at least hereafter? For that, there should be effective legislation or effective measures by the Central Government or the State Government. The Government should also take effective measures (i) to get them the needed credit flow from the banks; (ii) to arrest

the menace of spurious pesticides by making an effective legislation and (ii) to make available the seeds which are genuine and also to take action against the people who are selling these spurious seeds, and (iv) to go in for a comprehensive crop insurance scheme. This crop insurance scheme has been talked about by so many Prime Ministers, by so many Ministers, but nothing is happening. Even under the leadership of Chaturanan Mishraji, a crop insurance scheme was proposed. It was only a pilot scheme. It was only for 24 districts, and it was only up to ten thousand rupees. Of what use is this amount of ten thousand rupees for a cotton crop? Even that amount of ten thousand rupees is not coming. And there is no premium also. Sir, unless you engage yourself in this serious issue of having a comprehensive crop insurance scheme, bring a legislation also educate the farmers across the country about the need for such a crop insurance, unless the farmers pay the premium to some extent, the scheme will not be viable, it will not be effective, and it will not be easy to implement also because the losses are huge. That being the case, let there a national debate, let there be a consensus, let there be an effort by all political parties to back up the crop insurance scheme and let the Government take initiative to bring a crop insurance scheme on an all India basis, covering the commercial crops.

The next point I want to stress is, a Committee was set up by the Government of India, the Committee had visited certain parts of Andhra Pradesh and other places, but they have yet to submit a report. I don't know why they are taking that much time. The Committee should be asked to expedite its report and then the Government should start taking action on that.

The fourth point is about assistance to Karnataka Government. No assistance is given to karnataka. I don't know the reasons. I would like the hon. Minister to explain to the House the reasons for not giving assistance to Karnataka even after the Karanataka Government has sought additional assistance. The Minister has himself admitted this in his statement.

The fifth point is regarding banning certain pesticides which were internally acknowledged as harmful to the crops. Sir, 138 brands of pesticides were banned in many parts of the world. That being the case, why doesn't the Indian Government also take up the issue, talk to the State Governments and then come with a comprehensive legislation identifying and banning those brands which are harmful for farming community.

Sixthly, with regard to the relief, I suggest to the Government of India that mere postponement or mere restructuring of the loan will not suffice because they are in distress. They are comming suicide. In Andhra Padesh alone, 269 farmers had committeed suicide. That shows the gravity of the situation. In Karnataka also, 26 people had committed suicide, up till now. The Government has confirmed it. Now the Government should go in for a sort of interest-waiver to all the affected farmers in the affected areas. The Government should also pay compensation to the people who have lost their crops. This is a serious issue. The Government should apply its mind to these points (1) postponement and rescheduling of repayment of loans, (2) waiver of interest for all, and (3) payment of compensation to the small and marginal farmers in those affected areas. Unless these steps are taken at the earliest, the situation will go out of control. This has become a psychological thing now. It is having some effect on other farmers also. They feel that the best way to get out of the thing is to end their life. Now there is a temptation. The payment of Rs. 1 lakhs, the house and other things may also tempt the people to take recourse to suicide. I request, through you, Sir, the Government to take a serious not of what is happening in various parts of the country. There is no politics involved

in this. There is no ideology involved in this. There is no philosophy involved in this. What is needed is to take corrective steps by both the Central and State Governments, to understand the plight of the farming community and to go in for long-term and short terms measures. Thank you.

**श्री शमशेर सिंह सुरजेवाला** (हरियाणा): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं हाऊस का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि जो किसानों द्वारा आत्महत्या किये जाने का गम्भीर मामला आज सदन में उठा है, इस मसले पर बहस करने के लिए मैंने 29 मई को पिछले सेशन के फर्स्ट फेज़ के शुरू होने से पहले 15 मैम्बरों से हस्ताक्षर करवा कर मोशन दिया था। नतीजा यह हुआ कि पहले सेशन में कम से कम 10 तारीखें इसके लिए रखी गई और अल्टीमेटली आज यह मुद्दा हाऊस के सामने आया है। इससे जाहिर है कि हाऊस समूचे तौर से कितनी गम्भीरता से इस मसले को ले रहा है। मेरे से पूर्व वक्ताओं ने बहुत अच्छे सुझाव रखे हैं। मैं कोशिश करूंगा कि उन को न दोहराऊं। सबसे पहले आत्महत्याओं की जो संख्या है, जो वाल्यूम है, इनकी संख्या कितनी है, इसके बारे में मुझे सख्त आपत्ति है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जो आंकड़े मीडिया को हैदराबाद में, बंगलौर में, चण्डीगढ़ में या दिल्ली में किसी ने दे दिये है और देने वाले कौन हैं, मोस्टली स्टेट गवर्नमेंट्स हैं, उन्हीं फिगर्ज़ को पूरे देश के बुद्धिजीवियों और पार्लियामेंट के मैम्बरों ने ठीक मान लिया। मुझे इस बात का इतना दुख है जिसकी कोई इंतेहा नहीं। मैं यह कहना चाहता हूं कि आत्महत्याओं की घटनाएं किसी एक प्रान्त, उत्तर, दक्षिण, पश्चिम में कहीं भी सीमित नहीं हैं। यह बिल्कुल गलत बात है कि केवल आन्ध्र प्रदेश में, कर्नाटक में और महाराष्ट्र में आत्महत्याएं हुई है और कुछ पंजाब में हुई है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं जब थक गया तो मैंने अपने स्तर पर जा कर देखा क्योंकि कोई भी स्टेट गवर्नमेंट इन आंकड़ों को इक्ट्ठा करने के लिए तैयार नहीं है, सेंट्रल गवर्नमेंट भी तैयार नहीं है इस विषय पर कोई कमेटी या कमीशन बनाने के लिए जब तक आप यह पता नहीं लगाएंगे कि आत्महत्याएं कितने लोगों ने की हैं, इनका ट्रेंड क्या है, कौन से सालों में हुई है, उनकी उम्र क्या है, मेथड क्या है आत्महत्या करने का, क्या चीज़ खा कर आत्महत्या करते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति क्या है, उनकी जमीन है या नहीं है, उनका परिवार क्या है, जब तक यह आंकड़े आपके सामने नहीं आएंगे, किसानों के किसी भी मसले को सरकार हल नहीं कर सकती है। लीपापोती करने का कोई फायदा नहीं है। मैंने व्यक्तिगत तौर पर अपने स्तर पर अपने इलाके के पांच गांवों में आत्महत्याओं के आंकड़े इक्ट्ठे किये हैं। जींद जिले में छातर एक गांव है जिसमें 27 नौजवानों ने आत्महत्याएं की है पिछले दो साल में। मेरे पास सब के नाम है, उम्र, आत्महत्या का कारण और पूरी परिस्थिति है। इसके इलावा तीन चार गांवों की और लिस्ट है। एक गांव में 15, एक गांव में 10, एक गांव में 25 आत्महत्याएं हुई। एक पेटर्न बिल्कुल सब में जाहिर है, मैं आपको दो चार के नाम और उम्र पढ़ कर सुनाऊंगा। जो पहला आदमी है उसकी उम्र 28 साल है, दूसरी की 26 साल है, तीसरे की 24 साल है, अगले की 23 साल है, फिर उसके बाद 33 साल, फिर 20 साल है, 20 साल है, 22 साल है, 22 साल है, फिर 20 साल है। मेरा कहना यह है कि 16, 17, 18 साल से, 20 साल से लेकर 35 साल के बीच की उम्र के लोग हैं 99 परसेंट जो आत्महत्या कर रहे हैं। और क्या परिस्थिति है? परिस्थिति यह है कि 95 परसेंट किसानों के पास आज देश में जमीन की जो जोत है, होल्डिंग है वह 5 एकड़ या 5 एकड़ से कम है। उनमें 50 प्रतिशत के पास केवल 1 से 2 किला जमीन है। आज किसान के अपने परिवार को छोड़कर आमतौर से एक किसान के दो-दो, तीन-तीन बेटे हैं। जब वे स्कूल में पढ़ते थे तो उनकी शादी हो चुकी थी सामाजिक कारणों से। जब स्कूल या कालेज छोड़कर बाहर आए तो उनके दो-दो, तीन-तीन अपने बच्चे भी है। आज जमीन के ऊपर औसतन तीन परिवार है—एक किसान का और दो उनके बेटों के और उनके दो-दो, चार-चार बच्चे और पत्नियां हैं। ये सब उस दो एकड़, तीन एकड़, चार एकड़ या पांच एकड़ जमीन के ऊपर बोझ हैं। सरकार अगर सिचुएशन को, दिशा को बदलना चाहती है तो सरकार जब तक उन नौजवान लड़के-लड़कियों के लिए जिनके परिवार हैं जो पढ़े लिखे हैं जो इस देश का काम कर सकते हैं, रोजगार के साधनों की व्यवस्था नहीं करेगी, उनको कोई ओपनिंग नहीं देगी तब तक न सुसाइड रोक सकती है न इस खेती के बारे में जो डिसास्टरस सिचुएशन है उसको एवाइड कर सकती है। मैं सरकार से इसी स्थान पर यह कहना चाहूंगा कि आप कोई योजना बनाकर, योजनाबद्ध तरीके से उनको कोई रोजगार दीजिए। उन पढ़े लिखे नौजवानों के ऐसे प्रति परिवार को आप कम से कम 500 रुपए बेरोजगारी भत्ता दीजिए तो शायद यह तुरंत, इमीडिएट एक बड़ी भारी उनकी सहायता होगी।

कृषि मंत्री जी बहुत नौजवान आदमी हैं। आंकड़े देते हैं आन्ध्र प्रदेश के कि वहां पर 2 सौ या सवा 2 सौ या

270 आदमियों ने सुसाइड किया। यह 19 जून का आब्जर्वर है। जिलों के नाम दे रखे हैं, आंकड़े दे रखे हैं। 16 हजार आदमी अकेले आन्ध्र प्रदेश में, इस पेपर के अनुसार हैं जो पिछले 2 से 3 साल में खुदकुशी कर चुके हैं। अकेले हरियाणा में जिसके बारे में प्रांतीय सरकार ने कोई रिपोर्ट नहीं दी और दिल्ली की सरकार के नाक के नीचे हैं, दिल्ली की सरकार ने अपनी आंखें और कान बंद कर रखे हैं—कम से कम 10 से 15 हजार नौजवान पिछले 3 साल में खुदकुशी कर चुके हैं। मैं इस बात के लिए यूनिवर्सिटी के चांसलर से मिला। मैंने दरख्वास्त की कि आपके पास नौजवानों की टीम है, आपके पास लेक्चरर्स हैं क्यों नहीं आप हरियाणा के 16 जिलों में 5-5 रैंडम सैम्पुल गांव लेकर सर्वे करवा लेते है, 15 दिन में आपके पास हरियाणा के रफ फिगर्स होंगे। मुझे जवाब मिला कि इसमें राजनीति है। वाइस चांसलर ने कहा कि राजनीति है। मैं इसे करूंगा तो सरकार से मुझको खतरा हो जाएगा। क्या सरकार के पास इदारे नहीं है? आंध्र में सरकार टीम भिजवा सकती है।

जो मेरा अनुमान है, जो आधारित है किसी बात पर, खाली नहीं है, थोथा नहीं है, 2 लाख से ज्यादा किसान हिंदुस्तान में पिछले 2 और 3 साल के बीच में आत्महत्या कर चुके हैं। मैं इस बात को चैलेंज करता हूं। भारत सरकार क्यों नहीं इसका पता करती। भारत सरकार क्यों आंख मूंदने की कोशिश करती है। भारत सरकार के हाथ लम्बे हैं। सरकार चाहे तो एक महीने के अंदर रैंडम सर्वे करवाकर या असल सर्वे करवाकर आंकड़े इकट्ठे कर सकती है ताकि नेशनल लेविल पर इस मुद्दे को ठीक से लिया जा सके।

उपसभाध्यक्ष महोदय, किसान की यह दशा—आज हमारे माननीय सदस्य जो भा०ज०पा० के प्रवक्ता है उन्होंने कहा कि यह तो परंपरा से चली आती है। पहली सरकारों के वक्त में थी। यह तो हमेशा से है। कोई नयी बात नहीं है। यह पर्दापोशी करना है, पर्दा डालना है। असल बात यह है। मैं इस बात को पार्टी लेवल पर नहीं कहना चाहता था, लेकिन में मजबूर हूं। अगर किसानों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, चाहे वह डैम थे, चाहे वह स्टील मिल थे, चाहे वह साइंटेफिक लेबोरेटरीज़ थीं, चाहे नए बीज थे और चाहे ग्रीन रेवोल्यूशन था, अगर किसी ने किया या हुआ तो वह 7-8 साल पहले इस देश के किसानों के लिए हुआ। लेकिन उसके बाद सब ने किसानों की बात को सोचना बिल्कुल बंद कर दिया। उसका नतीजा यह है कि आज किसान की यह दुर्दशा हुई है। खासतौर से दो बातों ने किसान को मारा है जिस वजह से आज यह परिस्थिति इतनी गंभीर है। उसमें जो हमारे देश में कर्जे की प्रणाली है उसके बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि कोआपरेटिव बैंकों का रेट ऑफ इन्टरेस्ट 16 से 18 प्रतिशत है और जो नेशनलाइज्ड बैंक्स है उनके रेट ऑफ इन्टरेस्ट के अलावा जो प्रिंसीपल है जिसमें आप असल जो है उससे फालतू ब्याज़ नहीं ले सकते, असल तक ले सकते हैं। मेरे पास किसान आकर मिलते हैं। 95 हजार रुपया कर्ज लिया था। तीन लाख रुपया वापस कर चुके हैं और अभी भी 95 हजार रुपये बाकी हैं। वाइस चेयरमैन साहब, यह पंजाब नेशनल बैंक की बात मैं बता रहा हूं। ऐसी स्थिति में किसान आत्महत्या नहीं करेगा तो क्या परिवार को लेकर सैर-सपाटे के लिए जाएगा? मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि इसे सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए। परिस्थिति क्या है, कृषि के महकमे में एक कमेटी बनाई पंजाब-हरियाणा में कर्जे का अनुमान लगाने के लिए कि कर्जे की क्या स्थिति है। उस कमेटी की यह रिपोर्ट है कि कोआपरेटिव बैंक और नेशनलाइज्ड बैंक को मिला कर जो कर्जा लेने की बात है तो वह कवरेज सिर्फ 28 से 30 परसेंट है और बाकी 70 प्रतिशत जो किसान है वे आज साहूकार और सूदखोर से कर्जा लेते हैं, जिसके ब्याज की दर 24 प्रतिशत से शुरू हो करके 36 प्रतिशत तक है, और बेजमीन लोगों से, आदिवासियों से, गरीब लोगों से तो उसकी सीमा 40 से 45 परसेंट है। इसलिए अगर वे लोग खुदकुशी नहीं करेंगे तो क्या करेंगे? क्या सरकार के पास इस बात का कोई जवाब है? क्या सरकार ने कोई कानून बनाया है कि कर्जे के बदले में किसान को गिरफ्तार नहीं किया जाए? आज कोआपरेटिव बैंकों को, लैंड मार्टगेज बैंक को जो सैमी सरकारी अदारें है, उनको अधिकार है। वे किसान को इस तरह बांधकर ले जाते हैं जैसे गाय-बछड़े को कोई मोटर के अंदर रस्से से बांध कर ले जाते हैं। महीना-महीना भर किसान को सिविल जेल में बंद करते हैं। वाइस चेयरमैन साहब, मैं आपको यह उदाहरण दे सकता हूं। किसान खुदकुशी तब करता है जब किसान

की गैरत को ललकारा जाता है। किसान की गैरत कैसे ललकारी जाती है, जब गांव में उसको गिरफ्तार किया जाता है या उसकी जमीन को सरेआम नीलामी की जाती है और नेशनलाइज्ड बैंक नीलामी करते हैं। सिविल कोर्ट से डिक्री लेकर करती हैं। ये बाते हैं जो किसान को खुदकुशी के लिए मजबूर कर रही हैं। मैंने कृषि मंत्री महोदय के बयान में बहुत सी बातें पढ़ी हैं जिसमें लिखा है कि जो पेस्टीसाइड हैं, जो इन्सैक्टीसाइड हैं, जो दूसरे खाद हैं गुणवत्ता वाले, उनका सरकार इंतजाम कर रही

है। मुझे बड़ा अफसोस है यह बात यूनिवर्सिली सब को इस देश के अंदर पता है कि तमाम इनपुट्स जो हैं पेस्टीसाइड्ज़, डीज़ल, फर्टिलाइज़र्ज़, सीड्ज़ सब के सब मिलावटी हैं। कोई भी असल नहीं है। किसान का ट्रैक्टर 6 महीने से ऊपर काम नहीं कर सकता। उसके बाद खोलना पड़ता है और मिस्त्री के पास ले जाना पड़ता है। जो ऐसे केसेज़ हैं, इस साल भी कपास की बीजाई लोगों ने की, वे बढ़िया बीज लेकर आए थे थैली वाले और जिस पर मोहर लगी थी। लेकिन एक भी कपास का पौधा नहीं उगा और दोबारा किसान को अपने घर के बीज से बीजाई करनी पड़ी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, ऐसे बहुत से केसेज हैं जिन में कीड़ेमार दवा के स्से ने पूरी फसल को जला दिया था। यह मेरी आंखों देखी बात है। मैं अपनी बात को छोटा कर कहना चाहता हूं और सरकार से मांग करता हूं कि किसान को कैसे बचाया जा सकता है इस संबंध में सुझाव देकर अपनी बात खत्म करूंगा। मैं मांग करता हूं कि अगर किसान को, खेत मजदूर और आर्टीजंस जो खेत में काम करते हैं, सहायता करते हैं, उन को अगर बचाना है और इस देश को डिजास्टर से बचाना है तो यह किसान के अकेले की बात नहीं है। उस के लिए सरकार को, समाज को मिलकर विचार करना होगा। मेरी पहली मांग होगी कि उन के लिए रेट आफ ईंटरेस्ट ज्यादा-से-ज्यादा 6 प्रतिशत सभी नेशनलाइज्ड बैंक्स, कोऑपरेटिव बैंक्स और सभी बैंक्स में किया जाना चाहिए किसान की जमीन की कुर्की नहीं होनी चाहिए। इस के अतिरिक्त मैं 3-4 और बातें कहना चाहता हूं कि किसान की फसल की कीमत के मामले में सब से ज्यादा चीटिंग होती है। आस्ट्रेलिया से यहां गेहूं मंगवाया और वह पड़ा 850 रुपए क्विंटल और देश के किसान का गेहूं बिके 5 सौ या 510 रुपये क्विंटल। इस से बड़ी शर्म की बात और क्या है? मेरा गेहूं बढ़िया और आस्ट्रेलिया का गेहूं निकम्मा क्योंकि उस के अंदर एक्जॉटिक सीडस, वह खाने के काम नहीं आ सकता, उस की शैल्फ-लाइफ बहुत छोटी और फिर भी ये-सरकार आंखें बंद किए हुए है। उन के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। उपसभाध्यक्ष जी, मैं फिर कहता हूं कि इस एक हजार करोड़ रुपए के गेहूं का एक दाना भी अगर हिंदुस्तान में कोई खाले तो मुझे जो सजा सरकार देना चाहे, मैं भुगतने के लिए तैयार हूं। आज एक महीना हो गया, पिछले महीने की 9 तारीख को सरकार ने एनाउंस किया था, लेकिन आज तक इसे सी०बी०आई० को इंक्वायरी के लिए एनट्रस्ट नहीं कर सकी। आप इस तरह से सरकार की मदद करना चाहते हैं?

सर, मैं और दो बातें कहकर अपनी बात खत्म करता हूं। जो इनपुट्स में मिलावट करते हैं, पेक्टीसाइड्स में मिलावट करते हैं उन को कम-से-कम 10 साल की सजा का प्रावधान कानून बदलकर कीजिए ताकि कोई डेटेरेंस हो, लोग डरें। उन को आप डिटेंशन में लें। मैं तो कहता हूं कि जो इतना बड़ा देशद्रोह करते हैं, उन को फांसी लगाओं। उसे खेती की पैदावर की कीमत के साथ सरप्लस देकर और उसे कॉस्ट ऑफ लिविंग के साथ टैग किया जाना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, न्यूक्लिअर साइंस जिस का पिछले दिनों सरकार ने धमाका किया, यह साईस एग्रीकल्चर में इंक्लाब ला सकती है, यह बीजों को बोने से पहले ऐसा कर सकती है कि कभी उसे कीट न लगे। यह फ्रूट्स, वेजीटेबल्स और फसल को दो गुना, तीन गुना कर सकती है। यह हाइब्रिड दूसरी बहुत सी बातें कर सकती है। तो क्यों नहीं सरकार उस साइंस की शक्ति का इस्तेमाल किसानों और देश के हित के लिए करती है? महोदय, अंत मैं मैं कहना चाहूंगा कि जो किसान खुदकुशी करने पर मजबूर है, उन के आश्रितों के लिए एक लाख रुपया कुछ नहीं है। उन्हें कम-से-कम 5 लाख रुपए दिए जाएं और उन की रिहैबिलिटेशन की स्कीम बनाई जाए। साथ ही सरकार को इंश्योरेंस और कैलेमिटी फंड रिवॉल्विंग क्रिएट करना पड़ेगा जिस से कि आपदा की सूरत में किसान को पूरी राहत मिल सके। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह अकेले महाराष्ट्र का, आंध्र प्रेदश का या किसी एक प्रांत का सवाल नहीं है, पाकिस्तान के बॉर्डर से लेकर तमिलनाडु तक जो पूरा हिंदुस्तान का एरिया नॉर्थ और साउथ का है, उस में पिछले दो साल से कपास बिल्कुल नहीं हुई है। किसान ने कई-कई हजार रुपए एक-एक एकड़ में लगाए हैं, लेकिन किसी सरकार ने एक फूटी कौड़ी भी किसी रूप में नहीं दी है। महोदय, पिछले साल बे-मौसम बरसात ने सारे देश की पूरी फसलें तबाह कर दी हैं। लेकिन एक कौड़ी की भी राहत किसान को नहीं दी गई।

उपसभाध्यक्ष जी, अन्त में, मैं एक फिकरा बोल कर अपनी बात खत्म करूंगा। मैं यह कहता हूं कि किसान को लिबरलाइजेशन ने बुरी तरह से मारा है। आपने मार्केट फोर्सेज के जो भेड़िए हैं, उनके आगे इस देश के अनपढ़ किसानों को डाल दिया है उनके खाने के लिए, उनके भोजन के लिए। यह लिबरलाइजेशन क्या है मार्केट की? किस तरह की मार्केट फोर्सेज के आगे आप किसान को ले जाना चाहते हैं? किसान तो अंग्रेजी नहीं जानता, किसान अपनी मातृभाषा जानता है, अपनी रीजनल भाषा जानता है। आपका तो कोई कागज पत्र,

किताब, नोट एग्रीकल्चर का कोई है ही नहीं रीजनल भाषा में। आप क्या समझते हैं, मल्टीनेशनल कंपनियों से आज किसान लड़ेगा, आज किसान उनका मुकाबला करेगा?

अन्त में, मैं यह बात कहकर खतम करता हूं कि आज ऐसी स्थिति है—

> जिस खेत से देहकान को न हो रोजी मयस्सर।
> उस खेत के खौशा-ए-गंदुम को जला दो।।

अगर आप यह चाहते हैं तो वह दिन भी दूर नहीं है। इस चेतावनी के साथ मैं अपनी बात खतम करता हूं और आपका धन्यवाद करता हूं। जयहिंद।

SHRI R. MARGABANDU (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, the statement of the Minister gives details about the deaths and the remedial measures that have been taken by respective State Governments but I fail to understand the basic problems which agriculturists are facing which resulted in deaths in Andhra Pradesh and other places. They have not been dealt with in the statement. Sir, there are two sectors; one is the organised sector and the other is unorganised sector. In agriculture, either there are owners of the land or labourers. The agriculture comes under unorganised sector. There is no organisation to protect the interests of agriculture whereas in the organised sector there are forces, there are organisations which protect their interests. Most of the Members in this august House could be hailing from agricultural families. Even the Agriculture Minister is from an agricultural family. While approaching this issue there should be a humanistic tendency. There is a saying in Tamil which is translated as: If the accounts of an agriculturist were to be taken into account, even a small stick used to drive plough and bull will not be saved. Such is the position of agriculturists. Agriculturists of India are born in debt, live in debt and die in debt and that position is still there. Agriculturists, whether small or big have no protection. Of course, big can have some leverage or some protection in other ways but the small farmer has no other source of income except a small part of land of one or two acres. The entire family depends upon that land and they have to involve themselves for ploughing the land, sowing, seedling, fertilizing and for pesticides till a crop is grown fully, for four months. He has no other source of income. He will have to depend on the harvest of the crop. If at all he gains anything, he will have to save it for the entire year. He will have to store it and if there is some excess, he can sell it. When there is excess, he has to sell it in the free market whether there is a proper price or not. I would like to say, Sir, that so far as Southern part is concerned, paddy is grown and so far as Northern part is concerned, wheat is grown. Providing subsidy or price fixing authority is lying with the Central Government.

3. P.M.

When they fix the prices of paddy, the fix low prices, whereas, I am given to understand, subject to correction, high prices are fixed for wheat which is grown in the northern parts of the country. That dioscrimination has to be removed. The power of fixing the prices has to be given to the States also. Otherwise, this discrimination will permeate from place to place. Sir, in our nation food and water are the two primary things for man's living and the agriculture covers this area. What is the protection given to the agriculturists? No protection is given at all and the man has to rise and fall himself. This statement has come only when 300 or 400 people have committed suicide. Why had there been deaths? It is only because of the defective seeds. So far as cotton is concerned, defective seed has been supplied. Who has supplied it? Who has certified that it is a standard seed? It is only the Central Government and there is a Department of the Government which has certified that this is a seed of good quality. This seed has been purchased at the highest price. This

seed has been grown. The plants have grown but there is not flowering at all. This has resulted in so many deaths. I would like to submit that in our State Tamil Nadu there are three areas, namely, Madurai, Theni and Dindigul where cotton is grown. In these areas people used this seed and the plants grew, but there was no flowering. Why is it so? It is only because of the defective and worthless seed which has been supplied to the farmers there. What are the steps which the Government is going to take in this regard? I would like to know whether the Government is going to penalise or punish those persons who have

supplied this seed. If there is no check on such things, what will be the fate of the agriculturists in this country? Sir, I can say that this adds to the indebtedness of the farmers also. They have to depend upon banks for finances. The banks are not giving loans at the appropriate time. The procedure for getting loans is such a rigmarole that they do not get the loans in time for the seedlings and other things. As a result of this they have to approach the money-lenders. As far as finance is concerned, there is no control over finance and three or four persons join together and start a finance company. They charge exorbitant rates of interest, between 36 and 50 per cent. The farmers take loans from them for two or three months. If any farmer is not able to repay his loan, they do not go to court even though they have got pronotes and other documents. They depend on muscle power. They would go to the agriculturist and beat him. They drag him out and put him to shame. The ladies are also put to shame. Their vessels are taken away and their sale deeds are also taken away by coercion. In this way, they take away their land. So, this is the plight of the agriculturists. Is there any legislation for controlling these private money-lenders and private financiers who are charging so exorbitantly? There is no legislation at all. How are you going to save these people? Our country is basically an agricultural country which has got the potentialities for producing more food-grains. But now nobody is willing to go in for agriculture. Everybody is leaving his village and land. They are moving to urban areas where even a small shop-keeper can earn Rs. 100 to Rs. 200 a day. A person who is having even ten acres of land is not able to save anything and he is suffering like anything. What would be the fate of those people if there is drought or flood? It is said here that a moratorium has been granted. It has been re-scheduled. It has been spread over for two years and this can be recovered after two years. Do you mean to say that for the second year there will be a double crop? Sir, once a person incurs a debt, he is not able to repay it at all. I appeal to this Government, through this august House, that there should be a complete waiver of loan, whether it is Government loan or loan from co-operative departments or loan through any other source. If there is a dreadful situation due to drought or floods, there should be a complete waiver of loan. I can say with pride that my leader, Dr. M.G.R., had waived Rs. 400 crores of loans in spite of objection from the Central Government, NABARD and the Reserve Bank of India. Even my leader, Puratchi Thalaivi, waived Rs. 180 crores of loans. So, there should be a complete waiver of loan. Otherwise, we cannot save these agriculturists at all. Then, what is that we are giving? Many hon. Members have referred about the supply of pesticides which are banned by other countries, seeds and other things which are substandard and defective and dumped in India. They are not protected at all. So, I say, there should be protection to them. Sir, here I would like to add one thing. The same situation has arisen in our Tamil Nadu also. As a matter of fact, I would like to say one thing. So far as interest is concerned, when one borrow loan from a bank, they add interest. If that amount is not re-paid within a particular time, a penal interest is added. Now, both interest and penal

interest are added to the principal then again interest and penal interest. This will go on. The banks and other institutions cannot be equated even to an *eetti wala*. Even they have some humanitarian consideration. These banks do not really have any humanitarian consideration. If a person borrows Rs. 1,000 and if he is not able to re-pay that amount within about 3 years, 4 years or 5 years, it comes to Rs. 10,000. where can he go? So, the rate of interest and the pattern of fixing the interest and the penal interest provisions are to be removed completely. The hon. Minister has said that for small farmers the rate of interest is about 4%. I think, that also has to be reconsidered. Of course, there may be some marginal difference with reference to small farmers and big farmers. I appeal, once again, that the system of charging penal interest and adding that to the principal has to be removed completely?

I would like to say one more thing about sugar industries. Sugar-cane to sugar industries is supplied by agriculturists. The problem is, they do not pay the price even for one year. For example, the Aruna Sugars in the South-Arcot district, even after supply of sugar-cane by agriculturists with all difficulties, they did not pay the price for one year. They borrow monies from banks and in the agreement they put a stipulation that within 15 days the amount has to be paid. If the amount is not paid in time, they charge interest. But, these sugar industries do not pay the amount. That is the whole problem. This is the position of industry. This is the pathetic conditions in which agriculturists are living. The rate which is given for the sugar-cane is very low and in Tamil Nadu we have been demanding to pay Rs. 1,000 per tonne. That has not been done.

My last point is, recently our party, the AIADMK, had launched a protest rally before all the district collectors' offices. The demand is, the State Government has announced that in the case of drought and other things, tax and other things will not be collected. In spite of the order by the hon. Chief Minister, the land tax and the house tax have been collected. That has not been refunded at all.

We raised this point. We organized a rally also demanding that the Tamil Nadu Government should return that amount which has been collected by them. But, that has not been done. The AIADMK has been taking full interest in this regard, but what can we do? We are not in power in Tamil Nadu. The Central Government is also not coming to the aid of the agriculturists. Some legislation should be passed by the Central Government to save the dying agriculturists. Thank you.

**श्री संजय निरूपम:** उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार और इस साल के पूर्वार्द्ध में हमारे देश में फसलों की बरबादी के कारण तकरीबन 400 किसानों ने आत्महत्या की। दुर्भाग्यवश उसमें महाराष्ट्र के भी कुछ किसान थे। किसानों की इन आत्महत्याओं के लिए अगर हमने किसी सरकार को या किसी दल को जिम्मेदार ठहराया तो मुझे लगता है कि इस राष्ट्रीय समस्या का बड़ा सटीक आकलन होगा। किसानों ने जो आत्महत्याएं कीं उसके दो महलू हैं। पहला तो फसलों की बरबादी हुई और दूसरा कर्ज का जाल था, उन पर कर्ज का बोझ बढ़ा। फसलों की बरबादी के कई कारण थे हमारे देश में। कहीं बहुत ज्यादा बारिश हुई, कहीं बे-मौसम बारिश हो गई और कहीं बारिश के नाम पर पत्थर गिरे-ओलावृष्टि हुई, कहीं पेस्टिसाइड्स से नुकसान हुआ। मैं विशेषकर महाराष्ट्र के बारे में बताना चाहूंगा कि महाराष्ट्र में जो फसलों की बरबादी हुई वह बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण हुई और उस बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण महाराष्ट्र में विशेषकर विदर्भ में तकरीबन 13 हजार गांव ऐसे हैं जो प्रभावित हुए। इस प्राकृतिक आपदा से साढ़े चार लाख हेक्टेयर खेती की जमीन प्रभावित हुई है और हमारे विदर्भ में 20 लाख किसान इस बरबादी से प्रभावित हुए हैं। बरबादी इतनी भयानक थी कि इसकी भरपाई करना किसी भी राज्य सरकार के बस की बात नहीं है। मेरे पास आफिशियल नहीं लेकिन एक अनधिकृत सूचना है, अनधिकृत सर्वे है, उस सर्वे का कहना यह है कि महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले साल और इस साल के पूर्वार्द्ध में जो फसलों की बरबादी हुई है उसका आंकड़ा तकरीबन तीन हजार करोड़ है। किसानों के घर टूट गए, किसानों की फसलें बरबाद हो गईं, किसानों के पाइप टूट

3915/2S-F-94

गए जो खेतों में वाटर सप्लाई करने के लिए प्लास्टिक के पाइप होते हैं वह भी टूट गए। ऐसा तकरीबन तीन हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। मुझे लगता है कि तीन हजार करोड़ के नुकसान की भरपाई कोई भी राज्य सरकार या महाराष्ट्र सरकार कर सकती हो? फिर भी हम लोगों ने किसानों की इस बरबादी की भरपाई करने के लिए पूरी कोशिश की। मैं थोड़ा सा ब्रीफ में बताऊंगा कि महाराष्ट्र सरकार ने कैसे किया। बावजूद इसके कि दुर्भाग्य की बात यह है कि महाराष्ट्र सरकार को किसान विरोधी कहा गया। हमारी पार्टी को, भारतीय जनता पार्टी को कहा गया कि यह किसान विरोधी है, किसानों के प्रति इनके मन में सम्वेदना नहीं है। लेकिन तथ्य कुछ और है। महोदय, हम लोगों ने विदर्भ के किसानों को जिनकी फसलें बरबाद हुई उन्हें एक हेक्टेयर पर एक हजार रुपए का भुगतान किया मुआवजे के तौर पर। इससे पहले 80 के दशक में जब इसी तरह की आपत्ति आई थी, इसी तरह की प्राकृतिक आपदा आई थी तब उस समय की सरकार ने सौ रुपए प्रति हेक्टेयर दिया था। हम पर आरोप लगाया कि आपने घोषणा कि एक हजार रुपए प्रति हेक्टेयर, लेकिन बहुत सारे ऐसे किसान हैं जिन्हें 300 रुपए, 100 रुपए और 50 रुपए के चैक दिए गए। इस सदन में भी एक चैक प्रस्तुत किया गया था 350 रुपए का। मुझे लगता है कि इस गलतफहमी को दूर करना चाहिए। हमारी सरकार ने घोषणा की थी एक हजार प्रति हेक्टेयर का मुआवजा दिया जाएगा। कई ऐसे किसान हैं जिन्होंने एक हेक्टेयर में खेती नहीं की थी, कई ऐसे किसान हैं जिन्होंने सिर्फ एक हेक्टेयर में खेती की थी, कई ऐसे किसान है जिनकी एक एकड़ की सारी फसलें बरबाद नहीं हुई थीं उसकी कुछ परसंटेज बरबाद हुई थी और उस हिसाब से जब काउंट किया गया, जब हिसाब-किताब लगाया गया तो किसी को 300 रुपए का चैक मिला, किसी को 50 रुपए का चैक मिला, किसी को डेढ़ सौ रुपए का चैक मिला। इससे पहले की जो सरकारें थीं हमारे जो विपक्ष के लोग हैं महाराष्ट्र में आज, जब वहां उनकी सरकार थी 80 के दशक में और जब इस तरह की आपदा आई थी तो बहुत सारे ऐसे किसान थे जिन्हें 8 रुपए और 5 रुपए के चैक दिए गए थे।

हम उस विवाद में नहीं जाना चाहते। महाराष्ट्र सरकार ने, मैं यह बताना चाहता हूं कि सिर्फ मुआवज़े के तौर पर किसानों को 112 करोड़ रुपए दिए थे, वे सारे बांट दिए गए किसानों को और पिछले साल के कर्ज़ का जो सारा ब्याज था 1997-98 का, वह सारा ब्याज माफ कर दिया गया। तकरीबन 40-45 करोड़ रुपए का बोझ हमारे ऊपर आया। पिछले साल जो फसलों की बरबादी हुई, उसके लिए आम तौर पर महाराष्ट्र में नॉर्म्स इस तरह के हैं, एक ऐसी कसौटी बनाई गई है कि जब तक 75 फीसदी फसल की बरबादी नहीं होगी तब तक मुआवज़ा नहीं दिया जाएगा लेकिन हमारी सरकार ने इस कसौटी को चेंज किया और कहा कि जिन खेतों में 50 फीसदी फसलों की बरबादी हुई है, उन किसानों को भी हम मुआवज़ा देंगे। यह हमारी सरकार की, जो किसानों के प्रति संवेदना की बात है, उसका मैं एक सुबूत रख रहा हूं। पिछले साल किसानों की जो बरबादी हुई, इस आधार को देखते हुए हमारी सरकार ने किसानों से राजस्व वसूली पूरी तरह रद्द कर दी है, पिछले साल का राजस्व उनसे नहीं लिया जाएगा। अब उनके लोन री-शेड्यूल करने की बात हो रही है। हमारी सरकार ने लोन्स को री-शेड्यूल किया है। विदर्भ के तमाम किसानों को मुफ्त में बीज दिया जा रहा है, बीज दिया जा चुका है और बुवाई भी शुरू हो चुकी है। अब सवाल यह है कि क्या यह जो भरपाई की गई है, यह पर्याप्त है? मेरा मानना है कि यह पर्याप्त नहीं है। हमारी सरकार का भी मानना है कि यह भरपाई पर्याप्त नहीं है । हमें केन्द्र सरकार से इसके लिए मदद चाहिए थी, मदद नहीं मिली। सोमपाल जी ने अपने बयान में बताया है कि महाराष्ट्र सरकार की तरफ से कोई एडीशनल असिस्टेंस देने के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट के पास कोई लेटर नहीं आया है। मुझे लगता है कि केन्द्र सरकर को इसका इंतज़ार नहीं करना चाहिए। महाराष्ट्र एक अकेला ऐसा प्रदेश है जहां केन्द्र सरकार की कोई टीम नहीं गई। सोमपाल जी जवाब देंगे हमें कि आपकी सरकार का कोई अनुरोध नहीं आया था। मुझे लगता है कि अनुरोध के लिए इंतज़ार नहीं करना चाहिए। जब गुजरात में कांडला पोर्ट पर इतना बड़ा तूफान आया तो वहां केन्द्र सरकार ने इंतज़ार नहीं किया गुजरात सरकार की रिक्वेस्ट का। यहां से सरकार गई, आडवाणी जी गए वहां पर और उन्होंने प्रत्यक्षदर्शन किए उस तबाही के। उसके बाद जितनी सहायता हो सकी, की। मेरा भी यह कहना है कि बिलकुल इसी तरह महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में भी एक सेंट्रल टीम भेजी जानी चाहिए थी बगैर इस बात का इंतज़ार किए कि वहां की राज्य सरकार कुछ अनुरोध करे। मैंने अखबारों में पढ़ा था पिछले दिनों कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने हिमाचल प्रदेश के लिए एक हफ्ते में दो सौ करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की।

[उपसभाध्यक्ष महोदय (श्री मोहम्मद सलीम) पीठासीन हुए]

हिमाचल प्रदेश का जो पर्वतीय क्षेत्र है, उसका विकास नहीं हुआ है, उसका विकास होना चाहिए। मैं हिमाचल प्रदेश के खिलाफ नहीं हूं, उसके विरोध में कुछ नहीं बोल रहा हूं लेकिन बिलकुल इसी तरह मैं केन्द्र सरकार से अपेक्षा कर रहा था कि महाराष्ट्र को उसके किसानों के ज़ख्म भरने के लिए कम से कम सौ करोड़ की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए थी। मैं सोमपाल जी से पूछना चाहूंगा कि अब तक कितनी सहायता दी गई है इस आपदा कोष से? क्योंकि हमारी सरकार चाहती है कि किसानों के पिछले साल के सारे कर्ज़ माफ कर दिए जाएं जब फसलों की बरबादी हुई। क्योंकि जब फसलों की बरबादी हुई तो कोई आमद नहीं थी किसानों की और जब आमद नहीं है तो जो कर्ज़ है, उसको लौटाया नहीं जा सकता। और क्योंकि उस कर्ज़ को लौटाया नहीं जा सकता और वे कर्ज़ के एक जाल में फंस गए हैं और इसी वजह से उन्होंने आत्महत्या की है, तो हमारी ऐसी अपेक्षा थी कि कर्ज़ माफ किया जाए लेकिन राज्य सरकार एफोर्ड नहीं कर सकती है। कर्ज़ें को माफ करने में तकरीबन साढ़े तीन-चार सौ करोड़ रुपए की ज़रूरत पड़ रही है और कोई राज्य सरकार इस स्थिति में नहीं है कि साढ़े तीन-चार सौ करोड़ अपनी तरफ से दे। तो हमारी अपेक्षा थी कि केन्द्र सरकार कर्ज़ माफ करने के लिए साढ़े तीन करोड़ के आसपास महाराष्ट्र सरकार को दे। मुझे लगता है कि यह सिर्फ महाराष्ट्र की बात नहीं है, अन्य राज्यों में भी जहां फसलों की बरबादी हुई प्राकृतिक आपदा के कारण, उन राज्यों से भी पूछा जाना चाहिए कि उन्हें कर्ज़ माफ करने के लिए कितना पैसा दिया जाना चाहिए? यह सिर्फ इस बार की आपदा की बात नहीं है, न यह पहली आपदा है न आखिरी आपदा है। मुझे लगता है कि यह आगे भी आती रहेगी, इससे पहले भी आती रही है। जब तक हम प्रकृति पर निर्भर करेंगे, जब तक हम नेचर पर निर्भर करेंगे तब तक इस तरह की आपदाएं, इस तरह की कैलेमिटीज़ आती रहेंगी। तो मुझे लगता है कि ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए जब प्राकृतिक आपदाएं आती हैं हमारे देश में, विशेषकर किसानों के लिए, किसानों के समक्ष खेती के ऊपर, तो ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न राज्यों और केन्द्र सरकार के बीच एक सही कोऑर्डिनेशन होना चाहिए। वह सही कोऑर्डिनेशन नहीं दिखा, किसी राज्य ने कुछ घोषणा कर दी, किसी ने कुछ घोषणा कर दी। कुछ राज्यों ने अलग-अलग जो मेज़र्स दिये हैं, जो अलग-अलग किसानों के लिए राहत के इंतजाम किए हैं, किसी राज्य ने कुछ इंतजाम किये हैं, किसी ने कुछ इंतजाम किये हैं, मुझे लगता है कि यह भेदभाव नहीं होना चाहिए और केन्द्र सरकार को इसमें पहल करके इनीशिएटिव लेते हुए यूनीफॉर्म पॉलिसी बनानी चाहिए। महोदय, भारत एक कृषि प्रधान देश है। हम कहते हैं कि किसान यहां का राजा है लेकिन जब राजा आपत्तिग्रस्त होता है तो सारी जिम्मेदारी मैं देखता हूं कि राज्य सरकारों के ऊपर डाल दी जाती है। केन्द्र अपने आपदा कोष से थोड़ा बहुत देकर अपने जिम्मेदारी से मुक्त हो जाता है। मुझे लगता है कि कृषि प्रधान देश का यह चरित्र नहीं हो सकता है। हमें कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी पड़ेगी। पिछले पचास साल से हम सुन रहे हैं, पचास साल से यह बात कही जा रही है। सोमपाल जी खुद किसान परिवार के हैं, किसान हैं। सचमुच उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए विशेष तौर से कोई नीति बनाई जाए, इवॉल्व की जाए ताकि भविष्य में हमारे किसानों के ऊपर कोई आपदा आए, कोई आपत्ति आए तो उससे निपटने के लिए राज्य सरकारें अकेली न पड़ जाएं। महोदय, हमेशा कृषि को स्टेट सबजैक्ट कहकर टाल दिया जाता है। मुझे लगता है कि यह सोच सही नहीं है। किसानों की चिंता सिर्फ राज्य सरकारों की चिंता नहीं है, पूरे देश की चिंता है। किसानों को उनकी आपत्तियों से निपटने के लिए, खेतों को उसकी बुनियादी सुविधाएं देने के लिए और खेती के लिए कर्ज, बीज और खाद मुहैया कराने के लिए समन्वित कार्यक्रम की जरूरत है और वह समन्वित कार्यक्रम उतना स्पष्ट नहीं दिख रहा है। महोदय, हमारा विषय आत्महत्याओं का है। मैं आत्महत्याओं के संदर्भ में बताना चाहता हूं कि मैं खुद विदर्भ के कुछ गांवों में गया था, मेरी पार्टी की तरफ से मुझे उन गांवों में भेजा गया था जहां किसानों ने आत्महत्याएं की थीं। जिन किसानों ने आत्महत्या की थी, जब मैं उनके घरों में गया, उनके परिजनों से मिला तो शायद इस देश का मैं अकेला सांसद रहा हूंगा जो एक ऐसे किसान के घर गया जिसने सुसाइड किया था, उसके पूरे गांव में जिसने एक दिन में पचास टन गेहूं बांटा। यह मेरी पार्टी की तरफ से मेरी पार्टी के प्रमुख श्री बाला साहब ठाकरे जी ने मुहैया कराया था। मेरी रिपोर्ट के आधार पर एक दिन के अंदर पार्टी की तरफ से पचास टन गेहूं उन्हें दिया गया था और कहा गया कि इसे वर्धा में बांटो। वर्धा का वह गांव है — धामन गांव। मुझे इस बात का बड़ा फख्र है कि हमने सिर्फ शोर-शराबा नहीं किया, हमने राजनीति की बात नहीं की, हमने गंभीरतापूर्वक किसानों के दुख को शेयर करने की

कोशिश की, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाया। महोदय, आत्महत्या दुर्भाग्यपूर्ण होती है, किसी की भी आत्महत्या दुर्भाग्यपूर्ण होती है और किसान अगर हमारे देश में आत्महत्या कर रहा है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। लेकिन इससे भी दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि उन आत्महत्याओं का राजनीतिकरण किया गया। हमारे जो विपक्ष के साथी थे, उन्होंने सिर्फ शोर-शराबा किया, उन्होंने कभी भी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम नहीं किया। अगर उन्होंने काम किया होता तो शायद किसानों को ज्यादा राहत मिलती। मैं कुछ आत्महत्याओं के बारे में यहां पर बताना चाहता हूं। बहुत सारी ऐसी आत्महत्याएं थीं, जो किसानों ने कर्ज के कारण या फसलों की बर्बादी के कारण नहीं की लेकिन उसे भी कहा गया कि किसान ने आत्महत्या कर ली। महोदय, जिन किसानों ने आत्महत्या की, मैं उनकी समस्या को कम नहीं आंक रहा हूं, उनकी उपेक्षा नहीं कर रहा हूं, उनका अपमान नहीं कर रहा हूं लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि विदर्भ में महाराष्ट्र स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड के एक इम्पलॉई ने, जिसकी सैलरी 5000 रुपये थी, उस व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया। उस व्यक्ति के सुसाइड के बाद सारे अखबारों में छपवाया गया कि किसान ने आत्महत्या कर ली है। वह किसान नहीं था, उसके पास खेती थी ही नहीं। इसी प्रकार वर्धा के एक सांसद के घर एक व्यक्ति नौकरी करता था, उसका कर्मचारी था। उसने सुसाइड कर लिया। उसे भी कहा गया कि किसान ने सुसाइड कर लिया। मैं एक गांव में गया था—दहे गांव मिस्किल वहां तो राज्य सरकार ने एक लाख रुपये का मुआवजा भी दे दिया—उस गांव में, उस किसान के घर में। लेकिन जिस किसान ने आत्महत्या की, उस किसान के पास जमीन थी ही नहीं। उसने कभी खेती की ही नहीं थी। बावजूद इसके कि जब रिपोर्ट आयी तो राज्य सरकार ने सोचा कि इस कंट्रोवर्सी में पड़ने के बजाय इसे मुआवजा दे दो और उसे मुआवजा दे दिया गया। मैं उस गांव का नाम भी बता रहा हूं—दहे गांव मिस्किल और उस व्यक्ति का नाम कांबले था। यह सब इसलिए किया गया कि जान-बूझकर राज्य सरकारों के खिलाफ किसानों की भावनाएं भड़काई जा रही थीं। राज्य सरकारों को बदनाम करने के लिए ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, I have one submission to make. This is a Calling-Attention Motion. Let only clarifications be sought. He need not do the public relations job on behalf of the Maharashtra Government.

**श्री संजय निरूपम:** इससे पहले आप लोग अपना सबमिशन नहीं दे रहे थे। इससे पहले भी सारी बातें हो रही थीं, तब आप कुछ नहीं बोल रहे थे।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम):** अब आप समाप्त करिए।

**श्री संजय निरूपम:** महोदय मैं समाप्त कर रहा हूं। मेरे कहने का अर्थ सिर्फ इतना है कि यह प्रश्न मानवीयता से जुड़ा हुआ है। इसमें राजनीति को न लाया जाए। अगर राजनैतिक लड़ाइयां लड़नी हैं तो वह लड़ने के लिए बहुत सारे मंच हैं, बहुत सारी जगहें हैं, बहुत सारे मुद्दे हैं, उन मुद्दों को लेकर लड़ी जाएं। कम से कम किसानों को राजनीति से दूर रखा जाए। जहां तक क्लैरीफिकेशंस की बात है...

मुझे तीन-चार बातें पूछनी हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): हां, आप पूछ लीजिए।**

**श्री संजय निरूपम:** मुझे माननीय कृषि राज्य मंत्री श्री सोमपाल जी से पूछना है कि महाराष्ट्र बावजूद इसके कि महाराष्ट्र सरकार ने कोई अनुरोध नहीं किया है क्यों कोई सेन्ट्रल टीम भेजने का इरादा रख रहे हैं? अभी भी उनके मन में कोई ऐसी इच्छा है कि कोई सेन्ट्रल टीम वहां पर जाए और देखें कि वहां के हालात कैसे हैं और राज्य सरकार की कैसे मदद की जा सकती है?

दूसरा, मेरा कहना था कि जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई पर्याप्त नहीं हुई है इसलिए राज्य सरकार को केन्द्र सरकार की तरफ से और अधिक आर्थिक मदद की अपेक्षा है फसल बीमा की जो योजना है वह बहुत दिनों से लटकी चली आ रही है। महाराष्ट्र सरकार ने भी उस योजना को पूरी तरह से अभी तक इम्पलीमेंट नहीं किया है, मेरे ख्याल से अभी तक शुरू भी नहीं किया है। उसके ऊपर गम्भीरता से विचार किया जाए और सोचा जाए कि उस योजना को कैसे तत्काल लागू किया जाए और इसके बारे में कोई एक निर्णय लिया जाए।

विदर्भ में मैंने अपनी आंखों से देखा है, किसानों से बात करके मैंने महसूस किया है कि जो वहां के कोआपरेटिव बैंक्स के जरिए किसानों को लोन मिल रहा है, जो कर्ज मिल रहा है, उस कर्जे पर उनके द्वारा चक्रवर्ती ब्याज लिया जाता है, कम्पाउंड इन्टरेस्ट लिया जाता है। इस इन्टरेस्ट के कारण एक काश्तकार कभी भी कर्ज से मुक्त नहीं हो पाता है। मुझे लगता है कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट को अपनी तरफ से, आरबीआई की तरफ से एक निर्देश जारी करना चाहिए कि कम से कम

किसानों से चक्रवर्ती ब्याज नहीं लिया जाना चाहिए। मुझे दो-तीन क्लेरिफिकेशन पूछने थे। धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)**: श्री आज़म खान। आज़म खान साहब जिन लोगों के नाम पर नोटिस था वह सब बोल चुके हैं। हमारे पास अभी आठ-नौ और नाम बाकी हैं और वह स्टेटमेंट के आधार पर सिर्फ सवाल पूछेंगे।

**श्री मोहम्मद आज़म खान** (उत्तर प्रदेश): सर, मेरी पार्टी से कोई नहीं बोल सका है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)**: नोटिस नहीं दिया था।

**श्री मोहम्मद आज़म खान**: मैं लगभग सवाल ही पूछूंगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)**: हां, पूछिए।

**श्री मोहम्मद आज़म खान**: सर, हमारा देश कृषि प्रधान देश है। अगर कृषि प्रधान देश में यह सवाल सदन में उठे कि किसानों को या कृषि से जुड़े हुए सवालों को राजनीति से न जोड़ा जाए और राजनीति के लिए बहुत से मुद्दे हैं तो यह सोच सही नहीं होगी। लगभग 76 प्रतिशत लोग जिस देश के किसानों से अपना जीवन गुजराते हों और किसान को अपनी लागत का सही मूल्य भी न मिल पाता हो तो ऐसे देश मे अगर किसान खुदकुशी करे, किसान आत्म-हत्या करे समझ में आता है।

**मैं जिस प्रदेश से आया हूं उस प्रदेश में और दूसरी प्रदेशों में यह एक बड़ी लम्बी लड़ाई है कि किसान को उसकी फसल का लाभकारी मूल्य मिले।** लाभकारी मूल्य कितना होगा? क्या उतना होगा जितना कोई होर्डिंग करने वाला, बड़ा व्यापारी सामान बेचने वाला या वह किसान जिसे वक्त पर बिजली न मिले, उसके खेत को पानी न मिले, खाद महंगा मिले, बीज महंगा मिले और उसकी उगाई हुई फसल का उसे सही मूल्य न मिले? यह बिल्कुल सच्चाई है। अगर हम उन आंकड़ों को इकट्ठा करें जो एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज तैयार करती हैं तो पता चलेगा कि किसान की कोई भी फसल ऐसी नहीं होगी जिस फसल में किसान को अपने बोये हुए माल का असल दाम भी वापस आता हो। जैसा मैंने शुरू में कहा कि यह कृषि प्रधान देश है और यहां पर 76 प्रतिशत लोग कृषि से अपना गुजारा करते हैं, इसी से जीत है तो जाहिर है कि उनकी समस्याएं भी इसी से जुड़ी होंगी। उनके यहां बीमारी होगी तो दवा चाहिए, मौत होगी तो कफन चाहिए, बच्चा होगा तो उसकी खुशी के लिए पैसा चाहिए, बच्चे की पढ़ाई के लिए फीस चाहिए। ये सारे सवाल उसकी जिन्दगी के सवाल हैं। हर किसी को तालीम मिले, हर किसी को मकान मिले, हर किसी को भर पेट भोजन मिले, जिस्म छिपाने के लिए कपड़ा मिले, यह नारा सरकार का होना चाहिए बल्कि है भी यह नारा। लेकिन 76 फीसदी लोग जो पूरे देश का पेट भरने का काम करते हैं, उनके पास पहनने को कपड़ा न हो, उनके पास रहने को मकान न हो, उनके गांव की सड़कें भी आज तक बनी न हों, उनके यहां अस्पताल न हों, प्राइमरी सेन्टर्स न हों, उनके यहां औरत को बच्चा होने वाला हो तो अस्पताल में उसको दाखिला न मिले तो ऐसे हालात में जैसा हमारे साथी ने कहा कि बहुत से सवाल हैं, यकीनन बहुत से सवाल हैं जिन पर राजनीति की जा सकती है।

लेकिन यह एक ऐसा सवाल है जिस पर हमें सत्ता से यह पूछने का पूरा हक है कि जहां और सवालों के साथ-साथ हमने सत्ता हासिल की वहां कितनी बार यह सोचा कि कितने लाख हैक्टेयर जमीन इस देश में ऐसी खाली पड़ी है जो बंजर है, बेकार है? कितने किसान ऐसे हैं, जिन्हें अपने बोए हुए माल का सही दाम नहीं मिलता है, जिसे हम लाभकारी मूल्य कहते हैं? लाभकारी मूल्य से हमारी यह मंशा नहीं है कि किसान को उसके द्वारा बोई हुई फसल का इतना मुनाफा दिया जाए जितना मुनाफा घी और तेल के बेचने वालों को मिलता है बल्कि लाभकारी मूल्य से हमारी मुराद यह है कि किसान को इतना दाम जरूर मिलना चाहिए कि वह अपनी मेहनत का खून पसीना बहाकर जमीन पर छिड़कता है और उससे फसल पैदा होती है। उससे सिर्फ उसका गुजारे भर का पैसा मिल सके।

यदि हम कुछ सूबों में जाएं, राज्यों में जाए तो आज भी यह पाते हैं कि महिलाओं के पास पहनने के लिए दूसरी साड़ी नहीं होती है। यदि दो महिलाएं नहाने जाएं तो वे एक साड़ी पहन लें और दूसरी साड़ी धो लें और दूसरी महिला इंतजार कर ले। अभी दो रोज पहले मैंने खुद न्यू देहली रेलवे स्टेशन पर यह मंजर देखा था कि ट्रेन से निकली हुई गंदगी से गेहूं और चने के दाने लोग खा रहे थे जबकि दिल्ली हिन्दुस्तान की राजधानी है और यहां सौ करोड़ इन्सानों का बादशाह रहता है। ऐसा मंजर कभी दस-बारह साल पहले किसी स्टेट में देखा था। ऐसा नहीं है कि हमारे सामने और सवालात के साथ यह सबसे अहम सवाल जो देश की 76 प्रतिशत आबादी से जुड़ा हुआ सवाल है उसके बगैर देश की राजनीति नहीं हो सकती। लोग कब करते हैं, वे मौत का फैसला कब लेते हैं जब जिन्दगी के सारे दरवाजे बन्द हो जाते हैं।

कुछ लोगों का कहना है कि खुदकुशी बुजदिली का काम है। खुदकशी बजुदिली का काम नहीं है। खुदकुशी बहुत बहादुरी का काम है क्योंकि मरने से पहले उसको पता होता है कि उसके परिवार की बरबादी होगी, उसके मां-बाप, बीवी व बच्चों का क्या होगा? जिन लोगों ने खुदकुशी की है, जो लोग मरे हैं, जिन किसानों ने अपनी जान दी है, वह इसलिए दी है, वे इसलिए मरे है कि उनको उनकी मेहनत का फल नहीं मिला। उनकी बोई हुई फसल की उजरत उनको नहीं मिली और इत्तिफाक से जो हमारे कृषि मंत्री सरकार में हैं, ये इस पार्टी में आने से पहले एक अच्छे किसान भी रहे है और आज भी है जो कि एक अच्छी सोच भी रखने वाले रहे हैं, हो सकता है आज भी हो!

इन्हें किसानों की सभी समस्याएं मालूम थीं। लेकिन आज कितनी मालूम है यह नहीं कहा जा सकता।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)**: सवाल पूछ लीजिए, मालूम हो जाएगा।

**श्री मोहम्मद आज़म खान**: इसलिए सवाल तो सोच का है। सवाल सिर्फ आज पूछने से हल नहीं हो जाता।

**श्री संघ प्रिय गौतम** (उत्तर प्रदेश): मगर सूसाइड तो बहादुरी का काम नहीं है अगर बहादुरी समझे तो ...(**व्यवधान**)... बहुत मर जाएंगे किसान।

**श्री मोहम्मद आज़म खान**: सूसाइड के बारे में क्या फरमाया आपने?

**श्री संघ प्रिय गौतम**: सुसाइड आपने बहादुरी का काम बताया है तो फिर बहुत मर जाएंगे इसे बहादुरी समझकर।

**श्री मोहम्मद आज़म खान**: चलिए आपने सत्ता में आने के बाद किसानों का मजाक तो उड़ाया। मेरे हुए किसानों के प्रति सहानुभूति रखने के बजाए, आपने उन पर कम से कम मजाक तो किया।

**श्री रामदास अग्रवाल** (राजस्थान): किसानों के मजाक का सवाल नहीं है। माननीय सदस्य गलत बोल रहे हैं....(**व्यवधान**).... हम किसान की ...(**व्यवधान**)... नहीं दे रहे हैं बल्कि जिसने जिस प्रकार के शब्द कहे उनको हम ठीक करने की बात कर रहे हैं।

**श्री मोहम्मद आजम खान**: यह उपलब्धि आपकी हुई, आपको किसानों से हमदर्दी हो न हो आपकी हमदर्दी तो उनसे होगी जिनके रहते आज 64 रुपए किलो टमाटर बिक रहा है, 72 रुपए किलों तेल और 54 रुपए किलो थी बिक रहा है। आपको किसान वर्ग से हमदर्दी न थी, न है और न होनी चाहिए। यह पूरा देश जानता है और पूरे देश में आज इसे लेकर बड़ी बेचैनी है। शुतुरमुर्ग अपना मुंह रेत में देने के बाद अगर यह समझे कि मैं महफूज हो गया तो रेत में मुंह देने के बाद शुतुरमुर्ग कभी महफूज नहीं हो जाता। देश की बढ़ती हुई महंगाई और भुखमरी के बाद अगर आप यह समझते हैं कि किसानों की समस्या, उनकी मौत, खुदकुशी हंसने के लिए है तो इसी सवाल को इस सदन के सामने और मंत्री जी के सामने रखकर मैं अपनी बात को खत्म करता हूं।

SHRI SANATAN BISI (Orissa): Sir, I will make only a few points.

Firstly, I submit that the pilot crop insurance scheme should be introduced throughout the country.

Secondly, the amount of the Central share in the earlier crop insurance scheme has not yet been sent to the State Government of Orissa, as a result of which the farmers of Orissa are not getting the benefit, although they have the insurance cover.

Thirdly, in 1997-98, there was seeds scam. Two companies from Andhra Pradesh had sent seeds viz. Shankar seeds. The cultivators had sown it and they incurred a huge loss. This seed was purchased from the National Calamity Relief Fund. So, I want to know from the hon. Minister very affirmatively whether the Shankar seed that was supplied by the Andhra firm was a genuine firm and whether the quality of seed was good or not.

There has been a demand from the people of Orissa that a Central team should be deputed to Orissa to verify the quality of seeds that were supplied and losses incurred by the cultivators as a whole. I would like to know from the Minister about this thing also.

So far as agricultural infrastructure is concerned, I would request the hon. Minister to give a priority to this thing also.

This is my submission. Thank You.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Shri Yerra Narayanaswamy, you should also seek clarifications like Mr. Sanatan Bisi.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, he is the only Member from Andhra Pradesh who is participating in this debate. Kindly give him some more time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): All those Members who have given notice for the Calling Attention have been given sufficient time to speak. They have even delivered lectures. Those Members whose names are not there in the notice for the Calling Attention will be allowed to seek clarifications or put questions. If you want to speak more, you should have given a notice. We have certain rules to follow.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Mr. Vice-Chairman, Sir, this morning I had requested the Chairman to include the name of a Member from my party.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): All the names which have been included in the notice list are being called.

SHRI YERRA NARAYANASWAMY: Mr. Vice-Chairman, Sir, it is very sad and disheartening to note that 300 farmers, mostly from Andhra Pradesh, some from Karnataka and some from Maharashtra have committed suicide due to total crop failure and due to indebtedness. In our country our agricultural crops depend upon the vagaries of the monsoon. Our agricultural crops are affected due to natural calamities like cyclones, drought, floods hail-storms. All these natural calamities are creating havoc and causing huge losses to the farmers.

Sir, in Andhra Pradesh, most of the cotton farmers have committed suicide. In some parts of Andhra Pradesh, there are unusual rains, in some parts there are hail-storms, in some parts there is drought. Due to these natural calamities the cotton crop has been damaged. The cotton crop also has been damaged due to severe pest. To control the pest, farmers have used pesticides and insecticides which they have purchased from unscrupulous traders. These pesticides and insecticides were adulterated and they were spurious. The Government of Andhra Pradesh has requested the Central Government to suitably amend the Insecticides and Pesticides Act because insecticides and pesticides supplied by the traders were spurious. When the farmers used the inferior quality of insecticides and pesticides, most of the cotton crop, chilli crop and tobacco crop got damaged. That is why I would request the hon. Minister to include all the crops in the crop insurance scheme. I would request the hon. Minister to bring in a legislation for a comprehensive crop insurance scheme. The present insurance scheme is limited to only crop loans. So, this scheme must cover all the food crops, commercial crops, including cotton, tobacco and chillis.

The Government of Andhra Pradesh has done its best to provide assistance to the families of the deceased farmers. It is very unfortunate that some Members here have objected to our providing relief to the families of the deceased farmers. Of all the States, only the Government of Andhra Pradesh has provided most of the relief to the deserving families without asking for the Central Goverment assistance. According to paragraphs 3 and 4 of the statement of the hon. Minister, the Andhra Pradesh Government has given temporary relief. What I demand is that sufficient credit must be given to the farmers for all the crops. The credit given by the banks or rural banks or cooperatives is not sufficient and that is why the farmers are going to money-lenders. The money-lenders are levying huge interest rates. I request the hon. Minister to give sufficient credit facility. There should be one Crop Insurance Scheme for all crops. In respect of the

Central Insecticides Act and the Central Seeds Act, corrective measures must be taken. Thank you.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to add one point to what my colleague said.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): There is a list here.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: The hon. Minister is here. I would like to add this point.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Rajkumar, we have a list here. I will go by the list. After the names in the list are over, you can make your point. Now, Mr. Ahluwalia.

**श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया:** (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, आज एक महत्वपूर्ण मुद्दा सदन में आया है, जिस पर हम बहस कर रहे हैं। वैसे तो हम गर्व से कहते हैं कि भारत एक कृषि प्रधान देश है पर वह देश कभी बाढ़ से, कभी सूखा से, कभी पाले से और कभी ओले से ग्रसित हो कर इस अवस्था में पहुंच जाता है कि जब किसान को आत्म-हत्या करने का निर्णय लेना पड़ता है। किसान हमारा अन्नदाता है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने अपना बयान पढ़ कर सुनाया, उससे यह महसूस होता है कि शायद कुदरत ने, प्रकृति ने ही कुछ प्रकोप किया जिसके कारण यह सब कुछ हुआ है। महोदय, प्रकृति तो ऐसा प्रकोप करती आई है किन्तु मैं समझता हूं कि इस सामाजिक जीवन में सब से बड़ा प्रकोप तब होता है जब एक आदमी कर्ज लेने के लिए मजबूर होता है। मैं समझता हूं कि युग-युगांतर से जब किसान कर्ज लेता था और कर्ज देने वाला उससे सूद वसूल करता था और सूद के नाम पर, मूल के नाम पर जब वह चुका नहीं सकता था या जब कर्ज लेने जाता था तो कभी उसकी गाय, कभी उसका बैल, कभी उसका हल, कभी उसका घर, कभी उसकी जमीन, कभी उसके बच्चे को बंधुआ रख लिया जाता था, बच्चे और परिवार के सदस्य बंधुआ मजदूर हो जाया करते थे और अंत में जब और जरूरत पड़ती थी तो किसान को अपनी बहु और बेटी को भी बंधुआ रखना पड़ेगा तो वह मजबूर हो कर आत्म हत्या करता था। यही कारण है कि भारत में साधु, संत, महात्माओं और पैगम्बरों ने अपने धार्मिक कोड आफ कंडक्ट में यह लिखा कि सूद की कमाई खाना या सूद पर पैसा देना दोनों अपराध हैं। यह इसलिए किया गया था कि सब से बड़ा जघन्य अगर कोई अपराध है तो वह सूद की कमाई खाना है। महोदय, इस्लाम धर्म में सूद पर पैसा देना अपराध है, सिख धर्म में सूद पर पैसा देना अपराध है, बिश्नोई धर्म में सूद का पैसा खाना अपराध है, जैन धर्म में सूद का पैसा खाना अपराध है, बुद्ध धर्म में सूद का पैसा खाना अपराध है। पर वैसे लोग भी धर्मावलम्बी हैं जो इस चीज़ पर अभ्यस्त हैं क्योंकि हम दुर्नीतियों की तरफ जुड़े हैं। मैं कहता हूं कि यह परम्पराएं क्यों बनाई गईं? आज उसी मोड़ पर हम फिर खड़े हैं। उस वक्त तो समाज में परिवर्तन करते थे बड़े बड़े धार्मिक लोग, बड़े बड़े साधु, संत लेकिन आज गणतान्त्रिक देश में उस राज्य या राष्ट्र की सरकार होती है, वह ही ऐसे परिवर्तन ला सकती है। हमने पश्चिमी बंगाल में देखा और आन्ध्र प्रदेश में देखा जब नक्सलवादियों ने आवाज़ उठाई, सूदखोरों को पकड़ पकड़ कर, घर से खींच खींच कर, उनका खून करने लगे। उसका जब अत्याचार चल रहा था या पीपल वार ग्रुप जिसे कहते हैं यह पीपल वार ग्रुप के या नक्सलवादियों ने जब नक्सलबाड़ी में गोपीवल्लभपुरम में अपना आन्दोलन शुरू किया।

श्रीकाकुल्लम में नक्सलबाड़ी में जब आंदोलन शुरू हुआ तो वहां कौन लोग थे? उनके मेन मुद्दे क्या थे? ये मुद्दे वही थे। महोदय, उनके आंदोलन को तो राष्ट्र की सुरक्षा के नाम पर कुचल डाला गया। पर उसके परिवर्तन में, उसके जो मेन इश्यूज थे, जिन इश्यूज को लेकर ये आंदोलन खड़े हुए थे, वे इश्यूज वैसे के वैसे पड़े रहे। पिछले 50 वर्षों में जो सपना हमारे पूर्व पुरुषों का था, जिन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा था और जिन्होंने एक आजाद भारत में हर एक गरीब की आंखों के आंसू पोंछने की कसम उठाई थी, शपथ ली थी, आज हम उससे वंचित हैं। आज भी हम उसको इसी तरह नकार देना चाहते हैं कि मानसून ठीक तरह से नहीं आया या पाला पड़ गया या ओला पड़ गया या अतिवृष्टि हो गयी या अनावृष्टि हो गयी। महोदय, इसकी शुरुआत कब हुई? इसके पहले जब तक फिफ्थ फाइव इयर प्लान्स शुरू नहीं हुए थे, उसके पहले हमारे देश में वर्षा पर ही निर्भर करके खेती हुआ करती थी। इरीगेशन सिस्टम जब फिफ्थ फाइव इयर प्लान्स शुरू हुए, जब ब्रिटिशर्स आए, वेस्टर्न कन्सेप्ट हमारी कंट्री में आया उसके बाद आया। उसके पहले क्या होता था? उसके पहले हमारे देश में वेदों के मंत्रों का उच्चारण करके बादल मंडराया करते थे। हवन कराकर बारिशें की जाती थीं और खेती हुआ करती थी। आज भी गांवों का किसान पंचाग देखता है। किस नक्षत्र में किस महीने शुरुआत हुई है उस नक्षत्र के हिसाब से वह बीज की

रोपाई करता है। आज भी हमारा मेट्रोलाजिकल डिपार्टमेंट वह चीजें उपलब्ध नहीं करा सकता है। उनको यह नहीं बता सकता है कि इस बार किस चीज की फसल अच्छी होगी और किस चीज की खराब होगी। आज भी गांवों में किसान इंतजार करता है उसी पंचाग की जिस पंचाग का जिस पंचाग को आज हम लोग नकार रहे हैं। डेमोक्रेटिक सिस्टम में हमने उसको चेलैंज किया हुआ है कि नहीं हमारा पंचाग अलग है — वह मेट्रोलाजिकल डिपार्टमेंट जो कहता है। तो मेट्रोलाजी डिपार्टमेंट ने यह क्यों नहीं बताया कि इस बार ओला वृष्टि होगी? मेट्रोलाजी डिपार्टमेंट ने या हमारे अनुसंधान कार्यों ने या वैज्ञानिकों ने यह क्यों नहीं बताया कि जो पाकिस्तानी वायरस है — जो पिछले 4 वर्षों से हमारी कपास की खेती को खा जा रहा है — उस वायरस से बचने के लिए हमारे पास क्या उपाय है, कौन-सा पेस्टिसाइड हमें यूज करना चाहिए। उसके लिए अनुसंधान करने की जरूरत है।

मैं समझता हूं कि हमारा देश जो कृषि प्रधान देश है जहां 96 करोड़ लोग हैं उन 96 करोड़ लोगों को खाना देने के लिए, सिर्फ खुद के लिए नहीं और लोगों के लिए भी, किसान उपज करता है। मुझे याद है वह दिन जब पी० एल०-480 आई थी। उस पी० एल०-480 के साथ में एक मन्की ग्रास का बीज भी आ गया था। तो हिंदुस्तान के किसानों ने कसमें खाई थीं — पंजाब और पूरे उत्तर भारत के किसानों ने कसमें खाई थीं कि आइंदा हम ऐसा गेहूं बाहर से नहीं लाएंगे। हम इतना उत्पादन करके दिखाएंगे जो कि सारे विश्व में जाया करेगा। आज वह सारा सपना चकनाचूर हो रहा है। उसके पीछे कौन जिम्मेदार है? मैं कहता हूं कि आज हम उसकी तलाश में न बैठें कि कोई धर्मगुरू आएगा, कोई पैगम्बर और महात्मा आएगा जो हमें इन दुर्नीतियों से बचाएगा या इन कमजोरियों से निकालकर बाहर लाएगा। जब हम गणतांत्रिक सरकार चला रहे हैं तो उस सरकार के निर्णय ऐसे होने चाहिए जहां पर हम उनको सुरक्षा दे सकें। इन्हीं चीजों को मद्देनजर रखकर सरकार ने फैसला लिया था कि किसानों की कमाई पर इन्कम टैक्स नहीं लगाएंगे। किंतु मंत्री महोदय क्या आप बता सकते हैं कि वह इन्कम टैक्स एक्जैम्पशन किनको हासिल है? बड़े किसानों को! आज बड़े किसान महाजन बन गए हैं। वे एन्ट्री बांटते हैं। व्हाइट मनी की एन्ट्री बांटते हैं बड़े किसान! किंतु जो छोटे और मंझोले किसान हैं जो गरीब हैं जिनको दो जून की रोटी नहीं जुटती उनके बारे में हमने क्या एक्जेम्पशन किया है, यह सोचने की जरूरत है। कहने को तो कहा जाता है कि कोई न कोई राज्य मुफ्त में बीज बांटता है। लेकिन बीज कहां बांटते हैं? कौन-से बीज बांटते हैं? क्या वे उत्तम श्रेणी के बीज होते हैं? जो उत्तम श्रेणी के, ज्यादा यील्ड दे सकें, वैसी श्रेणी के बीज होते हैं? नहीं! कहते हैं खाद बांटी जाती है सब्सीडाइज्ड रेट पर। क्या वह उत्तम श्रेणी की खाद होती है? पेस्टिसाइड्स क्या उत्तम श्रेणी के होते हैं? अगर वे होते तो यह टिड्डियों का दल जो पाकिस्तान से आकर हिंदुस्तान की कपास की खेती को बरबाद कर रहा है यह बरबादी कभी नहीं होती। पर इस पर हमने ध्यान नहीं दिया। हमें सूरत से सीखना चाहिए था। सूरत में जब प्लेग फैला, जब चारों तरफ से इंक्वायरी होने लगी तो उस इंक्वायरी में यह भी उपलब्ध हुआ था कि कोई विदेशी ताकत तितलियां लेकर आई थी और उन्होंने तितलियां छोड़ी थीं। उन तितलियों से वायरस फैला था। इन चीजों पर रोक लगाने के लिए हम क्या सोचते हैं?

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम):** आप मंत्री जी से सवाल पूछ लीजिए।

**श्री एस० एस० अहलुवालिया:** सवाल ही हैं। इन सारे सवालों का उन्हें जवाब देना है और उसके बाद महोदय मेरा आज यह अंतिम भाषण है। 12 साल गुजारकर मैं कल यहां आपको नजर नहीं आऊंगा। ये जो चीजें आपके सामने रख रहा हूं इन पर आप अपना जवाब दीजिएगा। महोदय, आज हमें सोचना है कि आखिर हम इन चीज़ों पर रोक कैसे लगायेंगे? जब हम वन खरीदने लगते हैं, जब वृक्षारोपण का फैसला लेते हैं, उस टाइम विदेशों से हम उसके रोपण के लिए बीज खरीदते हैं, सैंपलिंग खरीदते हैं और लगा देते हैं। पर आज तक हमने सोचा कि युकेलिप्टस के गाच्छ लगा रहे हैं, जबकि बार-बार अनुसंधानकर्ताओं ने और वैज्ञानिकों ने कहा है कि यह सब से ज्यादा पानी खींचता है। तीन सौ लिटर पर डे यह पानी खींच जाता है और यह आपके वॉटर लेवल को डाउन करता जा रहा है। क्या इसका भी कोई हल तलाश किया। नहीं, आप तो यूकेलिप्टस आयल बनाना चाहते हैं। सफेदा बिकता है, कैश क्रॉप है। इसलिए हम बेच रहे हैं। ऐसी कई चीज़ें हम सेाथ लेते आए हैं जो कि हमारी कृषि पर बहुत इफैक्ट करती हैं। एकदम मशरूम ग्रोथ हो गई यहां पर प्रोन कल्चर की और आपका आंध्र का बॉर्डर पूरा का पूरा भर गया। सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट दी कि यह सब बंद किया जाए। क्यों बंद किया जाए, जापान में प्रॉन कल्चर सब से पहले शुरू हुआ था। प्रॉन कल्चर के कारण क्या हुआ, ब्रैकिश वाटर के कारण वहां की खेती जो है, वहां की जमीन जो है, उसकी उर्वरकता खत्म हो जाती है और वहां खेती नहीं हो सकती। जहां-जहां वह केमिकल जाता

है, जहां-जहां पर रिएक्शन होता वहां खेती नहीं हो सकती। उसको रोकने के लिए कोई कोशिश हुई? कोई कोशिश नहीं हुई। उसका अनुसंधान करिए। वह जापान से ताईवान गया। ताईवान ने भी प्रॉन कल्चर बंद कर दिया फिर इंडिया ने क्यों एडॉप्ट कर लिया और आपसे बेशी कीमत देकर जापान खरीदता है। आप फारेन एक्सचेंज ला सकते हैं, इसलिए उसको बढ़ावा दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सारी चीज़ों को विचार में रखते हुए इस पर डिसिज़न दिया। पर उस पर गौर नहीं फरमाया गया। ऐसे दरख्तों को, ऐसे बीजों को....(**व्यवधान**)

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)**: आपका कोई सवाल बचा है तो वह भी आप कर सकते हैं।.....(**व्यवधान**)

**श्री एस० एस० अहलुवालिया**: अब मंत्री जी ने कहा कि मैं जरा लघु-शंका कर लूं....(**व्यवधान**) तो चले जाइये मंत्री जी, लीडर ऑफ् द हाउस बैठे हैं, नोट कर लेंगे।....(**व्यवधान**)

**श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश)**: अहलुवालिया जी, आप जब-जब भी बोलेंगे प्रत्येक मंत्री की यही हालत होगी, जो सोमपाल जी की हुई है।....(**व्यवधान**)

**श्री एस० एस० अहलुवालिया**: इसीलिए आज अंतिम बार बोल रहा हूं।

इसलिए महोदय, जो-जो चीजें हमारे देश में कृषि पर इफैक्ट करती हो, कृषि की उपज पर जिसका आघात पहुंचता हो, चोट पहुंचती हो या उस पर असर होता हो, वैसी चीजों पर निर्णय लेने के पहले हमें इस पर सोच-विचार कर फैसला करना चाहिए। पर हमने पिछले दिनों देखा है कि इस पर गलत फैसले किए और उसका गलत इंतजाम हुआ है। महोदय, अभी हमारे मित्र कह रहे थे कि आत्महत्या करने के पहले एक आदमी शहीद हुआ। शहीद कहने की बात है, यह उनका अपना नज़रिया है, पर मैं समझता हूं कि किसी देश में, जो आजाद है और जिसकी आजादी हासिल करने के लिए लाखों लोग कुर्बान हुए हों, उस आजाद भारत में कोई आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाए तो मैं समझता हूं कि गणतंत्र के संरक्षक के रूप में इस सदन के माननीय सदसयों का और सरकार का सिर नीच होना चाहिए और उसके लिए हमें शोक प्रस्ताव लाना चाहिए और ऐसी एक शपथ लेनी चाहिए कि आईंदा, आने वाले दिनों में राष्ट्र का कोई भी आदमी अपनी इज्जत या अपनी खेती की रक्षा करने के लिए उसको आत्महत्या करने की जरूरत न पड़े। ओवरआल इकोनोमिक डिवेलपमेंट की बात हम करते रहे हैं, नारे लगाते रहे हैं, लेकिन ओवरआल इकोनोमिक डिवेलपमेंट हम गरीबों को नहीं दे सके। आज इस पर हम उमड़ पड़े हैं, उसी कास्ट की लड़ाई में, क्लास की लड़ाई में, धर्म की लड़ाई में, किन्तु हम अगर ओवरआल डिवेलपमेंट की बात करें तो शायद हम किसानों को सही रास्ते पर ला सकेंगे।

महोदय, मेरा अंतिम यही है कि हम कोशिश करें कि किसानों को सस्ते से सस्ते दर पर कर्जे दिए जाएं, और बीज व खाद सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जाए जो कि उत्तम श्रेणी की हो, यह नहीं कि अब बांटा जा रहा है, तो जो भी हो बांट दो, बीज के नाम पर चाहे कंकड़-पत्थर बांट दो। उत्तम श्रेणी की खाद और उत्तम श्रेणी के पेस्टीसाइड्स उन्हें सस्ती दरों पर उपलब्ध कराएं जाएं

महोदय, अभी पावर मिनिस्ट्री ने एक डिसीजन लिया है कि अगर कोई मुफ्त में पावर बांटता है तो स्टेट गवर्नमेंट सोचेगी। हो सकता है आने वाले दिनों में किसान को सस्ते दर पर पावर मिलना उपलब्ध न हो तो उस के लिए भी बंदोबस्त होना चाहिए। साथ ही जैसे कि सुबह गुरुदास दासगुप्त जी ने मांग की, उस के साथ में सहमत होते हुए कहना चाहता हूं कि किसान चाहे छोटा हो, मंझोला हो, उन की फसल का इंश्योरेंस करना हमारा फर्ज बनता है और उस फसल की रक्षा करने के लिए एक निर्णय लेने की जरुरत है। महोदय, जब हम कहते हैं कि पेस्टीसाइड ठीक है तो टिड्डियां मरनी चाहिए, इनसेक्टीसाइड ठीक है तो वायरस मरना चाहिए, उत्तम श्रेणी का बीज है तो उस का ईल्ड परसेंट-टू-परसेंट करेक्ट होना चाहिए। अगर वह करेक्ट नहीं है तो हमें बीमे का सारा पैसा मिलना चाहिए। महोदय, पेस्टीसाइड्स और इनसेक्टीसाइड्स बनाने वाले जितने मल्टी-नेशनल्स हैं और सीड फार्म्स भी हैं, चाहे वे गवर्नमेंट, के हैं या प्राइवेट हैं, ये लोग बड़े पैमाने पर सीड फार्म्स बनाए हुए हैं। महोदय, सीड्स जो उपलब्ध होते हैं, उस की ईल्ड को देखते हुए उस का भी इंश्योरेंस होना चाहिए तभी हम किसानों के संरक्षक बनकर उन की मदद कर सकेंगे और आने वाले दिनों में राष्ट्र में कोई भी किसान इस तरह से त्रस्त होकर ऋण के नीचे ग्रस्त होकर आत्म-हत्या नहीं करेगा। महोदय हमें ऐसे भारत के निर्माण की कल्पना करना चाहिए और सोमपाल जी चूंकि वे खुद किसान हैं और किसानों के दर्द को, उन की तकलीफ को समझते हैं, मैं उन से किसानों के हक में निर्णय लेने की उम्मीद करता हूं। लेकिन कुर्सी पर बैठकर और दूसरा होता है। मैं उम्मीद करता हूं कि वह गांव के और को और गांव की मीठी-मीठी सोंधी गंध को न भूलें बाकी

सब भले की भूल जाएं। उन्हें वह जब याद रहेगी, भारत माता की मीठी-मीठी सोंधी गंध जब उन्हें याद रहेगी तो निर्णय सही करेंगे, यही कहकर मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

**श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ (गुजरात):** उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आप के माध्यम से माननीय मंत्री जी को संक्षेप में चार सुझाव देना चाहता हूं। वह किसानों की समस्याओं के बारे में अवश्य सोच रहे होंगे, ऐसा मैं मानता हूं क्योंकि उन को किसानों के प्रति सहानुभूति है और कृषि का उन्हें ज्ञान भी है, इसलिए या तो वह इस संबंध में आश्वासन दें या उसे मान लें क्योंकि यह वह जगह है जहां हम और वह इकट्ठे सवाल पूछा करते थे। अब मुझे अकेले सवाल पूछना पड़ रहा है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसा कि उन्होंने स्टेटमेंट में कहा है, क्रॉप लोन मैनुअल के अध्ययन के लिए उन्होंने एक जुट बनाया है। मेरा कहना है कि क्रॉप लोन मैनुअल को रिवाइज किया जाए क्योंकि चालू खर्च के लिए, वर्किंग कैपिटल के लिए जो लोन मिलता है, वह औसतन लागत के ऊपर मिलता है और जिन इलाकों में यह समस्या बहुत गंभीर है जैसाकि वेंकैया नायडु और दूसरे माननीय सदस्यों ने बताया, औसतन लागत से कृषि की लागत बहुत बढ़ चुकी है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और पंजाब में उन इलाकों में गंभीर है। इन राज्यों में आधुनिक कृषि में लागत औसतन लागत से ज्यादा है। और चूंकि लोन औसतन लागत के हिसाब से मिलते हैं, इसलिए इन कृषकों को लोन नहीं मिल पाते। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी को यह सुझाव दूंगा कि या तो नॉर्मेटिव स्तर पर क्रॉप लोन मैनुअल्स में प्रावधान हो कि किसान को कोऑपरेटिव सोसायटीज, बैंक्स, रीजनल रूरल बैंक्स ऋण दें नहीं तो आधुनिक किसान की जो लागत है, उस पर स्तर पर लोन मिलने चाहिए अन्यथा इस समस्या का सुलझान नहीं होगा और खाली बातें ही चलती रहेंगी।

दूसरा मेरा सुझाव यह है कि जिन क्षेत्रों में यह समस्या है, जैसे कि सुरजेवाला जी ने कहा और मेरे प्रदेश गुजरात के खेड़ा में यह समस्याएं मैंने सुनी हैं और भी महाराष्ट्र के इलाके हैं जिन में जमीन और पानी के ऊपर जो खर्चा हो रहा है, वहां जो हमारे पुराने दकियानूसी नॉर्म्स फायनेंसियल इंस्टीट्यूशंस के हैं, उन को 8 हजार या 10 हजार रुपये लोन मिलेगा जबकि मंत्री महोदय जानते हैं कि आजकल कृषि में 50 हजार, 60 हजार से 70 हजार रुपए तक एक हैक्टेयर जमीन के ऊपर जमीन और पानी की लागत है। महोदय, कई जगह मैंने खुद इस बात में दिलचस्पी ली है और अफसरों के साथ आर्गूमेंट्स भी किए हैं। चूंकि मैं योजना आयोग का सदस्य हूं मुझे इस में दिलचस्पी है।

4 P.M.

मंत्री भी रह चुका है लेकिन ऐसी कोआपरेटिव या स्वयं सेवी संस्थाएं जिनके साथ हम काम करते हैं उनसे वह लोन नहीं मिल पाते क्योंकि उनकी जो ट्रेडीशन है वह यही है कि आठ/दस हजार रुपए दे दिए तो बहुत हो गया। पश्चिम महाराष्ट्र में एक जगह पर हमने बड़ी मुश्किल से यह लोन दिलवाए और वह भी एक इंटरनेशनल एजेन्सी से हमें लोन दिलवाने पड़े। तो पहले तो आप यह करवाइए कि इसके मूल स्वरूप से इसका सुलझान हो और तभी किसान को जो हम कह रहे हैं कि डटकर और देशों के साथ कम्पीट करो। वह कम्पीट कर सकेंगे। उसको अगर आप वर्किंग कैपिटल 1951 की रूरल डेट सर्वे कमेटी कि रिपोर्ट के अनुसार देंगे, तो लैंड डवलपमेंट बैंक यही कहेंगे कि दस हजार से ज्यादा हमारे नार्म्स नहीं है। इससे किसान की समस्या सुलझने वाली नहीं है और फिर वह किसान साहूकार के पास जाएगा।

उपसभाध्यक्ष जी, तीसरा मेरा सुझाव मंत्री महोदय को यह है कि जब तक इनकी रिपोर्ट नहीं आती तब तक आप ऐसे केसज में अपने इंस्ट्रक्शन केन्द्रीय फाइनेन्सियल इंस्ट्रीट्यूशन्स को, बैंक को और नाबार्ड को दिलवाइए। जब मैं और मंत्री महोदय इकट्ठे काम करते थे तो हम यही कहते थे कि नाबार्ड कृषि मंत्रालय के पास होना चाहिए। अब मैं अकेला वही बात करूंगा क्योंकि इन मामलों में कई बार उनको साधन नहीं मिलते। इसलिए आप उनको अभी यह इंस्ट्रक्शन दीजिए कि कम से कम इस खरीफ की फसल में और अगली रबी की फसल में इन इलाकों में क्रोप लोन मैन्युअल को छोड़कर जो औसत लागत किसान की होती है चालू खर्चे के लिए, उसके पानी और जमीन की समस्या के लिए उसको ऋण मिले।

उपसभाध्यक्ष जी, मेरा चौथा सुझाव यह है कि अब हमारी थ्योरी यह है कि निजी क्षेत्र से तो ऋण मिलता ही नहीं है क्योंकि हमारा समाजवाद बहुत डेवलप कर गया है। हिन्दुस्तान में आज न लैंडलोर्डिज्म है, जब बिहार से योजना आयोग ने इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि हमारे यहां चार ही टेनेण्ट्स हैं और आफिशियली थ्योरी सरकार की यह है कि प्राइवेट मनी लैंडिंग भी एबोलिश हो चुकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप रूरल टेड और इनवेस्टमेंट सर्वे की जो रिपोर्ट है, उसें आप देखें तो आपको पता चलेगा। अभी 1991 की जो सर्वे रिपोर्ट थी, दो-तीन महीने पहले मैं पढ़ रहा था तो उसमें यह

था। कई क्षेत्रों में अभी भी यह है, लेकिन उसको रूरल प्राइवेट लेंडिंग नहीं कहते, उसका दूसरा कुछ नाम कर दिया है, वह कर्व लेंडिंग था। तो यह जो निजी क्षेत्र की लेंडिंग है उसके लिए रेगुलेशन होना चाहिए। हमारे एक साथी, मेरे ख्याल से वेंकैया नायडु जी ने यह कहा था और सदस्यों ने भी

के बारे में कहा था। तो उसके लिए आप यह सोचें कि निजी क्षेत्र से जो लेंडिंग होती है, जो बैंक से नहीं या कोआपरेटिव सोसायटीज से नहीं बल्कि निजी क्षेत्र से, उसको रेगुलेट करना है। इसके साथ ही जो लोग किसानों को एक्सप्लायट करते हैं उन पर भी कंट्रोल हो और जो लोग किसानों की मदद करते हैं उनकी हम मदद भी करें।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं अपने प्रदेश में कितने ही किसानों से मिला हूं। कई सौदागर उनके पास आते हैं, कहते हैं कि तुमको लोन मुफ्त कर देंगे। अब लोन मुफ्त कराने की बात से किसानों को पता चल गया है कि इससे कोई फायदा नहीं होता है। लोन वेव से न बैंक के पास पैसे रहते हैं, न को आपरेटिव क्रेडिट सोसायटी के पास पैसे रहते हैं। सात साल तक वित्त मंत्रालय ने पुराने जो लोन वेव हुए थे, उनके पैसे बैंक और कोआपरेटिव सोसायटी को नहीं दिए हैं। तो यह लोन मुफ्त कराने की बात को किसान अच्छी तरह से समझता है कि लोन मुफ्त कराने वाले जो सौदागर है वह सच में उनकी मदद नहीं कर रहे हैं क्योंकि रीफाइनेन्स नहीं होता है, जो यह जरूरी है। जैसा कि एक माननीय सदस्य वेंकैया नायडु जी ने कहा था, यह इम्पोर्टेन्ट बात है, मैंने बजट डिसकशन के दौरान भी यह कहा था कि अगर प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट को देखें तो जो हमारे पास असली आंकड़े 1996-97 तक हैं, The level of credit in respect of working capital has gone down.

जो पिछले दो साल के आंकड़ें दे रहे हैं कृषि मंत्रालय के, वह उनकी योजना के आंकड़ें हैं।

That is not the real story. If you look at the real credit, it has gone down. If it has gone up marginally, it is less than the price level.

ऐसी स्थिति को अगर आप इम्प्रूव नहीं कराएंगे तो यह जो हमारे किसानों की इतनी मुश्किलें हैं वह चलती ही रहेंगी। मैं जानता हूं कि मंत्री महोदय को इन चीजों के बारे में बड़ी सहानुभूति है। तो ये जो स्पेसिफिक सजेशन्स हैं, मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार उनको स्वीकार करेगी। धन्यवाद।

**श्री रामदेव भंडारी** (बिहार): उपसभाध्यक्ष जी, हम किसान को इस देश के विकास में रीढ़ की हड्डी कहते हैं। हम यह भी कहते हैं कि किसान इस देश का अन्नदाता है और अपने खून-पसीने की कमाई से वह इस देश के लोगों को भोजन मुहैया करता है। मगर, उपसभाध्यक्ष महोदय, जो किसान इस देश को भोजन मुहैया कराता है, वह किसान स्वयं भूखा रहता है, उसको भोजन नहीं मिलता, उसे आवास नहीं मिलता, उसके बाल-बच्चों को शिक्षा नहीं मिलती, उसके परिवार के लिए दवा नहीं मिलती। किसानों की इन समस्याओं पर और उनकी दयनीय स्थिति पर हम चर्चा करते रहे हैं और आज जिस विषय पर हम चर्चा कर रहे हैं, वह तो एक अलार्मिंग सिचुएशन हो गई है। इससे हमें पता चलता है कि किसान में अब पीड़ा सहने की क्षमता नहीं रह गई है, दुख सहने की क्षमता नहीं रह गई है और इसलिए किसान अब आत्महत्या करने जा रहे हैं। उन्होंने तीन प्रदेशों में यह किया है और अगर किसानों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो हो सकता है कि यह आत्महत्या दूसरे प्रदेशों में भी होने लगे क्योंकि कमोबेश सभी राज्यों में किसानों की यही स्थिति है। किसानों पर दोहरी मार पड़ती है—प्राकृतिक विपदाओं की मार पड़ती है तो उनकी फसलें बर्बाद हो जाती हैं, दूसरी ओर जब वे अच्छी फसल उगाते हैं तो आप जानते हैं कि कभी उनको खेतों में गन्ना जलाना पड़ता है, कभी आलू सड़ जाते हैं, कभी प्याज सड़ जाते हैं और उनका जो लागत मूल्य है, वह भी उन्हें नहीं मिल पाता है। उनकी भंडारण की क्षमता नहीं होती है और वे कर्ज से दबे रहते हैं। अभी एक माननीय सदस्य ठीक कह रहे थे कि इस देश का किसान कर्ज में जन्म लेता है, कर्ज में जीता है और कर्ज में ही मर जाता है।

महोदय, मैं भी एक किसान परिवार से आता हूं और उत्तरी बिहार से आता हूं। उस क्षेत्र में हर साल नेपाल से बड़ी-बड़ी नदियां—कोसी, कमला, गंडक, आदि भयंकर बाढ़ लाती हैं और मुझे हर साल इनकी मार सहनी पड़ती है, मेरी फसल भी बर्बाद होती है। उत्तरी बिहार की लाखों एकड़ जमीन आज जल-जमाव से पीड़ित है। बिहार सरकार के पास उतनी क्षमता नहीं है कि वह उस जल-जमाव से उत्तरी बिहार को मुक्त कर सके। केन्द्र सरकार को बिहार सरकार ने कई बार लिखा है कि हमें आप मदद कीजिए, हमारी सहायता कीजिए ताकि इस जल-जमाव से हम उत्तरी बिहार को मुक्त कर सकें, मगर इस दिशा में अभी तक केन्द्र सरकार की ओर से कुछ नहीं हुआ है।

महोदय, मैं दो-तीन बातों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। क्रॉप इन्शयोरेंस स्कीम के बारे में कुछ कहना चाहूंगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम):** आप सवाल पूछ लीजिए।

**श्री रामदेव भंडारी:** इसी बारे में मैं सवाल पूछ रहा हूं। महोदय, क्रॉप इन्शयोरेंस किसानों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण चीज है। जब भी किसान की फसल मारी जाती है, उसे मदद करने के लिए कहीं से कोई व्यवस्था नहीं होती है। देश के कुछ क्षेत्रों में इसका प्रयोग आंशिक रूप से हुआ है, बल्कि नहीं के बराबर हुआ है। मंत्री जी जब मंत्री नहीं थे तो बार-बार किसानों की समस्याओं की चर्चा किया करते थे, मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा और यह सदन अब उनसे आशा करता है कि मंत्री जी किसानों की जिन समस्याओं के बारे में खुद चर्चा किया करते थे, खुद मांग किया करते थे, वह अब उन समस्याओं को दूर करेंगे, उनको समाप्त करने की दिशा में कदम उठाएंगे, ऐसी हम मंत्री जी से आशा करते हैं। तो क्रॉप इंश्योरेंस प्रोग्राम के बारे में सारे देश में लागू किया जाए और इसे पूरी मुस्तैदी से लागू किया जाए। अगर प्राकृतिक मार से किसान की फसल बरबाद हो जाती है तो क्रॉप इंश्योरेंस के माध्यम से उसके नुकसान को पूरा किया जाए।

महोदय, दूसरी बात मैं कर्ज के संबंध में कहना चाहता हूं। हर गांव में, हर क्षेत्र में किसान की फसल जब बरबाद हो जाती है तो उसका जो कर्ज होता है, चाहे वह बैंक का कर्ज हो या किसी निजी आदमी का कर्ज हो, उसका सूद के बाद सूद उसको देना पड़ता है। तो जब भी ऐसी स्थिति पैदा हो किसान की फसल बरबाद हो तो सूद की माफी तो उनको जरूर मिलनी ही चाहिए और मूल में भी जहां तक संभव हो माफी मिलनी चाहिए और उनको फिर से कर्ज मिलना चाहिए ताकि आगे की फसल की वे तैयारी कर सकें और उसे उगा सकें। जब इस तरह की बात होती है, जब इस तरह की आपात-स्थिति होती है तो केन्द्रीय सरकार की ओर से कहा जाता है कि राज्यों में आपात कोष की व्यवस्था है जिसमें 3 हिस्से केन्द्र के और एक हिस्सा राज्य का रहता है जो 4 इंस्टॉलमेंट्स में केन्द्रीय सरकार देती है। हम सभी जानते है कि वह राशि इतनी कम होती है कि जब कोई बड़ी आपदा होती है तो उस राशि से उसका मुकाबला नहीं किया जा सकता। इसलिए ऐसी आपदाओं के लिए केन्द्रीय सरकार के पास एक कोष रहना चाहिए जिसमें से केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों को समय-समय पर ऐसी स्थिति का मुकाबला करने के लिए राशि मुहैया कराए।

**[उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) पीठासीन हुए]**

महोदय, आजकल बाजार में नकली बीज, नकली खाद, नकली पैस्टिसाईड्स और स्पुरियस ड्रग्ज़ तादाद में मौजूद है। ये कहां से आते हैं? इस देश के बड़े-बड़े व्यापारी इसका धंधा करते हैं। ये कहीं लंदन से नहीं आता है, कहीं अमरीका से नहीं आता है। इसी देश का व्यापारी स्पुरियस ड्रग्ज़ बनाता है, नकली खाद बनाता है। सरकार इन व्यापारियों को क्यों नहीं पकड़ती है? सरकार को उन व्यापारियों को पकड़ना चाहिए और कड़ाई से उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए लेकिन यह नहीं हो रहा है। इसलिए लगातार इस तरह की बातें बढ़ रही हैं और किसानों को इससे बहुत नुकसान होता है। उनकी जमीन भी बरबाद होती है। अगर वे नकली पैस्टिसाईड्स या

नकली फर्टिलाइजर का इस्तेमाल करते हैं तो उनकी जमीन बरबाद हो जाती है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। मैं मंत्री जी से यह निवेदन भी करना चाहता हूं कि वे किसानों की समस्या पर केवल चर्चा ही न करें। मंत्री जी किसान की पीड़ा को जानते है, उसके दर्द को जानते हैं। इनको अभी तक इतना समय मिल चुका है। आगे पता नहीं कितना समय और मिलेगा। इसलिए अब वक्त आ गया है कि वे इस सीमित समय का सदुपयोग करें और किसानों के हित में जो भी कदम उठाए जा सकते हैं, उठाएं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI ADHIK SHIRODKAR (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, it is with a heavy heart that I associate myself with the greif that has been expressed by the hon. Members who have preceded me in speaking about the tragedy of suicides and why the farmers have been compelled to commit suicides. Various reasons have been given — impotent seeds, fertilisers which are sub-standard, pesticides which espouse the cause of non-violence rather than killing the pests. All these reasons are valid to a certain extent in a limited way.

May I draw the attention of the hon. Minister, through you, Sir, to the fourth line of the very first page of the statement? The six words are, "due to adverse weather conditions and pest attack..." Has any study been undertaken

to find out why adverse weather conditions have started persisting nowadays? Is it because of the indiscriminate felling of trees? Is it because of the wanton destruction of the rain forests? Indiscriminate felling of trees causes solid erosion. Wanton destruction of rain forests drives away the clouds which bring the rain. These are the main reasons why we are facing this tragedy. Other conditions and other reasons are, of course, valid, but if we attack the basic cause of this, namely, the adverse weather conditions, I feel that the problem will not recur. Will the hon. Minister consider it proper to undertake a joint study with the Ministry of Environment and Forests and undertake research, which has already been undertaken elsewhere, to find out whether the main reason of this adverse weather condition is what is known as El-Nino effect? Throughout the world, everybody has suffered. We have suffered all the more. This should be considered.

Will the hon. Minister also undertake a study with the Ministry of Environment and Forests regarding the pest attack? We are considering using pesticides which are chemical. The chemical pesticides used are there in the products which ultimately enter the product whether it is fruit, vegetable or anything else and our intake is of these pesticides. All over the world, they are going away from chemcial pesticides. In India, we have been using pesticides of neem tree. Neem is the greatest pesticide. It has various effects; it has various advantages. Should we not undertake a study of the use of neem as a pesticide? If these two studies are undertaken, I am confident that this august House will not ever have to think of such tragedies in future. I hope they will seriously consider an interaction between these two Ministeries.

SHRI M. SHANKARALINGAM (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I associate myself with the sentiments and feelings expressed by hon. Members cutting across party lines about the agony of farmers in our country. Sir, we all know that our country is primarily an agricultural country as more than 80 per cent of our people depend upon agriculture for their livelihood. With their strenuous work, we all live. We take food as they grow food for us. But for their work, but for their resorting to agriculture, our country will face a severe crisis. In the present situation, they still resort to agriculture. I feel they are not wise men because a wise man will resort to a wise business, a business which will give him more profit. But knowing well that they won't get any profit, they still resort to agriculture because they love agriculture. Their environment is such they cannot go outside their fields and villages. So, it is the primary duty of a welfare State to give all facilities so that they succeed in their venture. But, if they fail, it is not their failure. It is the failure of the State. The State should own it.

